Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
मॉं दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, मॉं कामख्या, मॉं भद्रकाली, मॉं शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के
सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 270 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, सोमवार 22 जुलाई 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### बिगड़ रही स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार बताए क्या है इंतजाम

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने प्रदेश सरकार से पूछा है कि उसके पास बदहाल हो रही स्वास्थ्य सेवाओं से निपटने के क्या इंतजाम हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के पद खाली क्यों पड़े हैं और इन्हें भरने की क्या योजना है। हाई कोर्ट ने प्रदेश सरकार से यह जवाब उस जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मांगा है, जिसमें प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर मुद्दा उठाया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश में एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसा नहीं है जो मानकों पर खरा उतरता हो। प्राथमिक स्वास्थ्य कें द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप जिला अस्पताल और जिला अस्पताल हर जगह डॉक्टरों की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चार अलग-अलग तरह के विशेषज्ञ होना ही चाहिए, लेकिन हालत यह है कि कुल 309 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से एक भी ऐसा हनीं है, जिसमें चारों तरह के विशेषज्ञ उपलब्ध हों। ऐसी ही स्थिति अन्य सरकारी अस्पतालों की भी है। यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्रा की तरफ से एडवोकेट अभिनव धानोतकर ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य शासन की होती हे। सरकार ने स्वास्थ्य केंद्र तो खोल दिए लेकिन उनमें कोई सुविधाएं नहीं हैं।

### झरने में फंसे तीन दोस्तों को बचाया

**मुरैना।** जिले में एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है, यहां टिकटोली दुमदार झरने के तेज बहाव के बीच तीन दोस्त अचानक फंस गए थे, इसके बाद काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने सभी की जान बचाई, बता दें कि जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर टिकटौली दूमदार झरना है, यहां पिकनिक मनाने तीन दोस्त गए थे, जो झरने के तेज बहाव में फंस गए, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय लोग पहुेचे, फिर सभी युवकों को सुरक्षित वाटरफॉल से बाहर निकाला गया। निरार थाना क्षेत्र में गुरुवार को टिकटौली दुमदार झरने में अचानक जल स्तर बढने पर पिकनिक मनाने गए तीन लोग फंस गए थे, फिर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को रस्सी की मदद से सुरक्षित झरने से बाहर निकाल लिया गया।

### हिंदुत्व के बहुत वीडियो बनाते हो जान से खत्म कर देंगे

**देवास।** देवास-शाजापुर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी को शुक्रवार को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। कॉल कानपुर, उत्तर प्रदेश के एक नंबर से आया था। सांसद सोलंकी ने इस मामले को लेकर देवास के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संपत उपाध्याय को शिकायत दर्ज कराई है। सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी अपनी सनातनी छवि के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने बताया कि सुबह तिलक नगर स्थित अपने घर पर अध्ययन कर रहे थे।

## बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक हुई

# आंध्र-बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठी...

नई दिल्ली/ एजेंसी



किरेन रिजिजू ने कहा, 'हमारी चर्चा बहुत उपयोगी रही। मैं सभी दलों के फ्लोर नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए हैं। बैठक में भाजपा समेत 44 दलों ने हिस्सा लिया। हमने सभी फ्लोर नेताओं से सुझाव लिए हैं। संसद को सुचारू रूप से चलाना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। संसद का बजट सत्र शुरू होने वाला है, जिससे पहले आज रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गयी। इस बैठक में, कांग्रेस के जयराम रमेश, गोगोई और केसुरेश,एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी,राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अभय कुशवाहा, जनता दल (यूनाइटेड) के संजयझा, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह,समाजवादी पार्टी (सपा) के राम गोपाल यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। बता दें, इस बैठक में विपक्ष के लिए कांग्रेस ने लोकसभा उपाध्यक्ष के पद की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने नीट सहित अन्य परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक और सीबीआई, ईडी जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का भी मुद्दा उठाया। सर्वदलीय बैठक पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'हमारी चर्चा बहुत उपयोगी रही। मैं सभी दलों के फ्लोर नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए हैं। बैठक में भाजपा समेत 44 दलों ने हिस्सा लिया। मंत्रियों समेत 55 नेता - रक्षा मंत्री, लोकसभा में हमारे उपनेता, राज्यसभा में नेता जिन्होंने आज बैठक की अध्यक्षता की, जेपी नड्डा भी बैठक में शामिल हुए। हमने सभी फ्लोर नेताओं से सुझाव लिए हैं। संसद को सुचारू रूप से चलाना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपील की कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब कोई सदस्य संसद में बोलता है, तो हमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और न ही बीच में बोलना चाहिए। विशेष सत्र में जब पीएम मोदी राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण दे रहे थे, तो लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही भाषण बाधित हुआ। राणा सिंह जी ने आज अपील की है कि यह संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। जब पीएम बोल रहे हों, तो सदन और देश को उनकी बात सुननी चाहिए।' राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा, 'मैंने बेरोजगारी, महंगाई का मुद्दा उठाया और मांग की कि अग्निवीर योजना को खत्म किया जाना चाहिए। नशे की लत के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। छोटी पार्टियों को संसद में बोलने के लिए अधिक अवसर दिए जाने चाहिए।' वाईएसआरसीपी सांसद विजय साई रेड्डी ने कहा, 'आंध्र प्रदेश में कानून और व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। हमने सरकार से आंध्र प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की अपील की है। टीडीपी विशेष श्रेणी के दर्जे का मुद्दा नहीं उठा रही है।

### सपा ने कांवड़ यात्रा तो आप ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का मामला उठाया

समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नामपट्टिकाओं का मुद्दा उठाया। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'ईडी और सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है, केजरीवाल जी को जेल में रखा गया है। मैंने ये पूरा मामला उठाया, हमारे दो मंत्रियों को गिरफ्तार करके जेल में रखा गया है, मैंने वो मुद्दा भी उठाया। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान नामपट्टिका लगाने का मामला भारत के संविधान के खिलाफहै। ये इस देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।'सर्वदलीय बैठक का आयोजन केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की।

### वाईएसआरसीपी ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

संसद में सर्वदलीय बैठक के बाद वाईएसआरसीपी सांसद विजय साई रेड्डी ने कहा, 'सर्वदलीय बैठक में वाईएसआरसीपी ने आठ मुद्दे उठाए हैं। हमने आंध्र प्रदेश के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा मांगा है। राज्य को मिलने वाले करों में भी वृद्धि करने की मांग की गई है। हम विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। दक्षिण तटीय रेलवे जोन के लिए भूमि आवंटित की जानी चाहिए। ऑनलाइन जुए को रोकने के लिए उचित कानून बनाया जाना चाहिए।'
वाईएसआरसीपी सांसद ने आंध्र प्रदेश में कानून व्यवस्था के बिगड़ने के आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। वाईएसआरसीपी ने कहा कि टीडीपी राज्य के मुद्दे नहीं उठा रही है और उसने समझौता कर लिया है।

## राहुल गांधी को याद दिलाया आपातकाल

# संविधान की प्रति दिखाने से सच नहीं बदलेगा-अनुराग...

नई दिल्ली/ एजेंसी



आजकल नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने हाथ में भारत के संविधान की प्रति लिए दिखते हैं। कई मौकों पर राहल के हाथ में संविधान की प्रति को देखा गया है। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। अनुराग ठाकुर ने कहा, 'आजकल राहुल गांधी और कांग्रेसी नेता संविधान से अधिक प्रेम दिखा रहे हैं। संविधान की प्रति दिखाने और इसकी झूठी कसमें खाने से सच्चाई नहीं बदलेगी। अगर किसी ने संविधान का अपमान किया है, तो कांग्रेस और गांधी परिवार है। अनुराग ठाकुर यहीं नहीं रुके, उन्होंने संविधान के मुद्दे पर पूर्व प्रधामंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी पर भी निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डालकर कांग्रेस ने संविधान ही बदल दिया। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने संविधान की आत्मा यानी प्रस्तावना को संविधान से ही अलग कर दिया था। संसद में पिछले सत्र में मैंने कांग्रेस नेताओं से पूछा था कि क्या उन्हें यह पता है कि संविधान की किताब में कितने पन्ने हैं। जिस संविधान की प्रति लेकर राहुल गांधी घूमते हैं, क्या उन्होंने उसकी प्रस्तावना भी पढ़ी है? इसमें कांग्रेस के संविधान विरोधी कृत्यों का जिक्र है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, 'जिन्होंने संविधान भूमिका को लिखा, वे भारत में कानून के सर्वश्रेष्ठ जानकार थे। भूमिका में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील के के वेणुगोपाल ने लिखा है।

### एलजी के प्रधान सचिव ने लिखा पत्र, जेल में डाइट चार्ट का पालन नहीं कर रहे केजरीवाल

**नई दिल्ली ।** आम आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन लगातार कम हो रहा है। अब आप के इसी आरोप के जवाब में उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के प्रधान सचिव ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री पर जेल प्रशासन द्वारा खाने के संबंध में निर्धारित की गई समय सारिणी के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री जानबूझकर खाना नहीं खा रहे हैं।

## हरियाणा को केजरीवाल की पांच गारंटी लांच

# फ्री बिजली और हर युवा को रोजगार का वादा.....

पंचकूला। एजेंसी

हरियाणा विधानसभा के लिए आम आदमी पार्टी आज अरविंद केजरीवाल की गारंटी लांच कर दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में कहा कि आपके बेटे (अरविंद केजरीवाल) ने दिल्ली बदल दी, पंजाब बदल दिया और अब अब हरियाणा बदलना है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी को एक भी सीट नहीं जानी चाहिए। पहली गारंटी -मुफ्त और 24 घंटे बिजली दूसरी गारंटी -सबको अच्छा और फ्री इलाज तीसरी गारंटी -अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा चौथी गारंटी - सभी माताओं-बहनों को हर महीने हजार रुपये पांचवीं गारंटी - हर युवा को रोजगार सुनीता ने कहा कि केजरीवाल ने कहा कि 24 घंटे घरेलू बिजली फ्री मिलेगी, हर महिला को हर महीना 1000 रुपए दिए जाएंगे और हर युवा बेरोजगारों को रोजगार देंगे। दिल्ली और पंजाब की तरह पुराने घरेलू सारे बकाया बिल माफ किए जाएंगे। सबको अच्छा और फ्री इलाज मिलेगा। प्रदेश में अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा देंगे।

## इटली में 14 अक्तूबर को दिया जाएगा पुरस्कार

# चंद्रयान-3 को विश्व अंतरिक्ष सम्मान से नवाजा जाएगा.....

मुंबई/ एजेंसी

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर इतिहास बनाने और दुनियाभर में भारत का परचम लहराने वाले चंद्रयान-3 को विश्व अंतरिक्ष सम्मान से नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। चंद्रयान-3 को यह पुरस्कार 14 अक्तूबर को इटली के मिलान में होने वाले 75वें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री सम्मेलन के दौरान दिया जाएगा।



चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की थी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ ने कहा कि भारत के अलावा अब तक अमेरिका, रूस और चीन ने चंद्रमा पर लैंडिंग की है। वहीं इसरो का मिशन चंद्रयान 3 वैज्ञानिक प्रयोग और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण है। यह भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण की विशाल क्षमता का प्रतीक है। फेडरेशन ने कहा कि चंद्रयान -3 ने चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अनदेखे पहलुओं को उजागर किया। यह मिशन नए प्रयोगों के लिए वैश्विक उपलब्धि है। चंद्रयान 3 ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। इसका प्रपल्शन मॉडल परमाणु प्रोद्यौगिकी द्वारा संचालित था जो अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र के बीच सफल समन्वय था।

### यूपीएससी के चेयरमैन मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा, कार्यकाल पूरा होने से पहले छोड़ा पद

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी ने इस्तीफा दे दिया है। कार्यकाल पूरा होने से पहले उन्होंने अपना इस्तीफा राष्टपति को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, सोनी ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। जून के आखिरी सप्ताह में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल उनका इस्तीफा स्वीकार होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मनोज सोनी का कार्यकाल 2029 में समाप्त होने वाला था, इससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। सोनी ने 2017 में यूपीएससी में बतौर सदस्य ज्वॉइन किया था। 16 मई 2023 को उन्हें यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बनाया गया।

## अखिलेश ने कहा-जल्द गिर जाएगी एनडीए सरकार

# महिलाओं को आरक्षण नहीं दे सकी भाजपा...ममता बैनर्जी...

कोलकाता/ एजेंसी



प. बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शहीद दिवस पर चल रही रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसकी 38 फीसदी महिलाएं सांसद हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का दावा किया था, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। धर्मतला में चल रही रैली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जल्द ही गिर जाएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि अखिलेश यादव मेरे निमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल होने आए, मैं उनका धन्यवाद देती हूं। मैं चाहती हूं कि पूरे देश के साथ बंगाल के रिश्ते बेहतर हों। यूपी में अखिलेश यादव ने जो खेल दिखाया, उसके बाद भाजपा को इस्तीफा दे देना चाहिए था।वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भारत को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की साजिश रचने वाली ताकतों को अस्थायी सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी पराजय होगी। केंद्र में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी, यह जल्द ही गिर जाएगी। रैली में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी रैली में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल के सभी फंड रोक दिए हैं। भाजपा बंगाल को बदनाम कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फर्जी कहानी बनाकर संदेशखली को हथियार बनाकर बंगाल को बदनाम करने की साजिश की।

# तेलंगाना से टूटा बीजापुर का सड़क संपर्क...यातायात बाधित

बीजापुर/ एजेंसी

बीजापुर में बीते दिनों से बीजापुर जिले में हो रही झमाझम बारिश के चलते बीजापुर से तेलंगाना का सड़क संपर्क टूट गया है। अनवरत बारिश से इंद्रवती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जो डेंजर जोन से 1 मीटर नीचे तक पहुंच गया हैं। भैरमगढ़ और भोपालपटनम तहसील क्षेत्र में कुछ कच्चे मकान बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। वही सर्प दंश से एक मवेशी की मौत हो गई है। भोपालपटनम के तहसीलदार सूर्यकांत धरत ने बताया कि बारिश के चलते तेलंगाना का रास्ता बंद हो गया हैं। इस मार्ग पर आवाजाही बन्द हो गई है। उन्होंने बताया कि टेकुलगुडम नाला में भर जाने से बीते रात से यह बन्द हो गया था। वही सुबह रामपुरम के पास मुख्य मार्ग पर करीब 4 फिट पानी भरने से यह भी बंद हो गया हैं। तहसीलदार ने बताया कि बारिश के चलते भोपालपटनम में दो मकानों पर सूखा पेड़ गिर जाने से वह क्षतिग्रस्त हो गया है। वही वरदल्ली में एक मवेशी की सर्पदंश की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मामले का प्रकरण तैयार किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि तालपेरु कल शाम तक पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। वही भैरमगढ़ व कुटरू के प्रभारी तहसीलदार मोहन साहू ने बताया कि तुमला नाला में पानी पुलिया से ऊपर चल रहा है। लेकिन यह मार्ग बाधित नहीं है। इस मार्ग पर लोग बाईपास से होकर आवागमन कर रहे है। उन्होंने बताया कि भैरमगढ़ नगर में बारिश के चलते करीब 8 से 10 कच्चे मकान गिर गए हैं। पटवारियों से प्रकरण तैयार करने को कहा गया हैं। गंगालुर के नायब तहसीलदार लोकेश ठाकुर ने बताया कि धनोरा से बोरजे को जोड़ने वाले पुलिया में सुबह तक पानी था। वही चेरपाल व पोंजेर में पानी पुल से नीचे चल रहे थे। उन्होंने बताया कि बीजापुर व गंगालुर तहसील के अंर्तगत कही से भी फिलहाल पशु हानि या मकान क्षतिग्रस्त की सूचना अब तक नहीं मिली हैं। भोपालपटनम तहसीलदार सूर्यकांत धरत ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते इंद्रावती नदी का जलस्तर से बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह तक इंद्रावती नदी का जलस्तर 11.5 मीटर पर चल रहा था। जो डेंजर जोन 12.5 से 1 मीटर नीचे हैं। वही कृषि विज्ञान केंद्र के साइंटिस्ट अरुण सकनी ने बताया कि पिछ्ले 24 घण्टे में बीजापुर जिले में 131.6 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।




**मछली पकड़ने गए ग्रामीण की पानी में डूबने से मौत :** जगदलपुर के नगरनार थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था, जहाँ पानी के बहाव में बह गया। डूबने से उसकी मौत हो गई, घटना की जानकारी लगते ही एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जहाँ घंटो के मशक्कत के बाद शव को खोज निकाला गया। जहां शव परिजनों को सौप दिया गया।बताया जा रहा है कि नगरनार थाना के बाजू के नाले में मछली पकड़ने गया व्यक्ति पानी मे डूब गया।

जिसके बाद आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी नगर सेना के प्रभारी संतोष मार्बल को दिया गया, सूचना मिलने पर जिले के बाढ़ बचाव टीम को भेजा गया। टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर नाले में सर्चिंग कार्य किया गया, और सहदेव चालकी पिता रघु चालकी 45 वर्ष के शव को निकाल कर पुलिस का सुपुर्द कर दिया गया।

### घाघरा नदी में छोड़ा गया ढाई लाख क्यूसेक पानी, फंसे 55 किसान

बहराइच । उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में नदियां उफान पर है। बहराइच से गुजरने वाली घाघरा नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम चौधरी चरण सिंह बैराज से घाघरा नदी में ढाई लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके कारण कई ग्रामीण एक टापू पर फंस गए। हालांकि, बाद में उन्हें रेस्क्यू कर लिया गया। दरअसल, 114 किसान खेती करने के लिए सुजौंली इलाके के चहलवा में नदी के बीच बने टापू पर गए थे। तभी घाघरा नदी में पानी छोड़ दिया गया। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशासन को मिली तो मौके पर आला अधिकारी पहुंचे और उन्होंने देर रात कुछ किसानों का सकुशल रेस्क्यू किया। बता दें कि स्थानीय नाविकों ने 60 से अधिक लोगों को निकाल लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**दुर्ग (समय दर्शन)।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर रविवार को श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दरबार में सुबह से ही भजन कीर्तन की गूंज गंजयमान रही। जिसकी धुन में नाच गाकर श्रद्धालुओं द्वारा गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की गई। इस दौरान भक्तमाता शांतादेवी बापजी से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। महोत्सव में पूर्व विधायक अरुण वोरा सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए दरबार पहुंचे। महोत्सव में विशेष पूजा अर्चना व महाआरती उपरांत महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महोत्सव में दुर्ग भिलाई के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से श्रद्धालु शामिल हुए। फ्लस्वरुप दरबार में दिनभर मेला का माहौल रहा। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, सुश्री पायल जैन, आशीष जैन, महावीर बाफ्ना, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, राकेश धाडीवाल, गौतम धाडीवाल मोंटी सोनी, मनीष छाजेड़, संतोष छाजेड़, प्रशांत शर्मा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### एक पेड़ मां के नाम और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि



**जांजगीर (समय दर्शन)।** मोदी जी के आवाहन पर पूरे भारत में एक पेड़ मां के नाम आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के द्वारा कचहरी चौक स्थित जय स्तंभ में पेड़ लगाए और शहीद हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें अनिल शर्मा दिनेश राठौर सोनू यादव गोलु दुबे प्रदीप राठौर योगेश चौरसिया हरि सोनवानी चुन्नीलाल राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला चेंबर ऑफकॉमर्स का सम्मेलन आज

**दुर्ग (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला इकाई द्वारा 22 जुलाई को संध्या 7:30 बजे आनंद मंगलम, शिवनाथ नदी रोड में चेंबर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। विशेष अतिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल, चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, कैट प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा मौजूद रहेंगे। उक्तआशय की जानकारी देते हुए चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला व चेंबर दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि सम्मेलन में जिला इकाई के गतिविधियों और व्यापारी हितों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन की तैयारी में चेंबर प्रदेश मंत्री अशोक राठी, दुर्ग जिला इकाई चेंबर चेयरमैन पवन बड़जात्या, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हरीश श्रीश्रीमाल, जिला चेंबर युवा विंग अध्यक्ष रवि केवलतानी, जिला चेंबर महिला विंग अध्यक्ष सुश्री पायल जैन, उद्योग भारती संयोजक संजय चौबे के अलावा चेंबर व कैट के अन्य पदाधिकारी जुटे हुए हैं। श्री सांखला व श्री रुंगटा द्वारा चेंबर सम्मेलन में जिले के व्यापारियों से शामिल होने की अपील की गई है।

### नगर में सांई पालकी बड़े धूमधाम से निकली

**गरियाबंद।** नगर के सांई मंदिर में गुरुपूर्णिमा के एक दिन पहले शनिवार के शाम को साई पालकी यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।पालकी यात्रा सांई मंदिर से शुरू हुआ जिसे पूरे नगर में भ्रमण कराया गया।बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सांई पालकी यात्रा निकाली गई।गुरुपूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को नगर के मंदिर-देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में पूर्व गुरू पूर्णिमा एवं ग्रीन डे उत्सव आयोजित



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-20/07/2024 गुरू पूर्णिमा एवं ग्रीन डे उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा स्कूल प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा गुरू के महत्व के विषय में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को गुरू पूर्णिमा क्यों मनाते है, इसके महत्व एवं आने वाले दिनों के त्यौहारों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। संस्था के विद्यार्थियों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माता को प्रथम गुरू मानते हुए संस्था की ओर से अभिभावक माताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप बुलाया गया था। इन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण किया गया। माँ सरस्वती की पूजा के पश्चात् आए हुए माताओं का सम्मान तिलक लगाकर उनके पुत्र-पुत्रियों द्वारा किया गया। साथ ही संस्था के शिक्षिका माताओं का सम्मान उनके पुत्र-पुत्रियों द्वारा किया गया। गुरू माताओं के सम्मान के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज़ किया गया। कक्षा-नवमीं एवं कक्षा-दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा-बारहवीं की छात्रा सौम्या बंजारे द्वारा गुरू की विशेषता बताते हुए सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया गया। संस्था के अन्य विद्यार्थियों द्वारा गुरू पूर्णिमा पर विशेष कविता एवं कहानी प्रस्तुत किया गया। संस्था की शिक्षिका खुशबू पाठक द्वारा गुरू के महत्व विषय पर भाषण दिया गया।

संस्था के प्री-प्रायमरी वर्ग में ग्रीन डे उत्सव आयोजित किया गया। इस उत्सव के अंतर्गत नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को हरे रंग के पोशाक में बुलाया गया। प्री-प्रायमरी की अध्यापिकाओं द्वारा उन्हें हरे रंग का महत्व बताते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधि आयोजित कराई गई। संगीत की धुन में नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उन्हें हरे रंग का भोजन लाने के लिए भी कहा गया। विद्यार्थीगण इस आयोजन से काफी उत्साहित नज़र आए। इस कार्यक्रम के सफ्ल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टॉफ एवं ग्रुप डी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## दुकानों से हटाया अतिक्रमण,दुकानदारों को चेतावनी, अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा

**दुर्ग (समय दर्शन)।** राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण विभाग टीम ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चंडी मंदिर चौक से लेकर मान होटल तक अतिक्रमण हटाओं अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कार्रवाही के मौके पर दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।सड़क किनारे रखें ठेले को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।उन्होंने ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें। अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हथठेले व सड़क घेरकर पसरा लगाकर सब्जी बेचने वालों को चेतावनी दी कि अगर वह सड़क पर दिखाई देंगे तो कार्रवाई क जाएगी।जेसीबी से चंडी मंदिर रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर राजस्व विभाग संजय मिश्रा, लक्ष्य, शिवा परिहार,राजदीप कसार, विनीत वर्मा, नीरज,कपिल,मन्नी, धनेश,उमेश पात्रे व अतिक्रमण तोड़ूदस्ता टीम के कर्मचारीगण मौजूद रहे।अतिक्रमण हटाओ मुहिम जोर पकड़ा है।सुगम यातायात एवं व्यवस्थित पार्किंग के तहत नगर निगम का यह अभियान चल रहा है। कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि चंडी मंदिर से मान होटल रोड भीड़ वाले इलाके में अवैध कब्जे से ट्रैफिक होता था जाम इसलिए कार्रवाही किया जा रहा है।उन्होंने ने बताया कि बाजार क्षेत्र व्यवसायिक क्षेत्र होने से वहां पर भारी संख्या वाहनों की आवाजाही होती रहती है. हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े-छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होती रहती है. इस कारण ट्रैफिक का दबाव रहता है,इस कारण वहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी।जिसके अलावा दुकानदारों द्वारा नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर आने-जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के बनाया लिया था. दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग होने से भी आवागन बाधित होता था.इस समय कार्रवाही कर अवैध निर्माण सीढ़ी, चबूतरा को ध्वस्त किया गया।

## पिथौरा में भारत स्काउट × गाइड्स राज्य पुरस्कार कार्यशाला का आयोजन



**पिथौरा (समय दर्शन)।** भारत स्काउट्स × गाइड्स राज्य पुरस्कार जांच शिविर तैयारी की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शा कन्या इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजिक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी के. के. ठाकुर , जगदीश् कन्हेर बी आर सी सी, संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सुश्री लीलिमा साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) रहे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अग्रिम बधाई देते हुए पूरे जिले भर में पिथौरा ब्लाक में स्काउटिंग गतिविधियों की प्रसंशा करते हुए बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित कर प्रशंसा किये। इस कार्यशाला में बच्चों ने लॉग बुक की पूर्ण तैयारी नियम, प्रतिज्ञा, परिभाषा, पायोनियर, प्रार्थना, झंडा गीत, गांठे, दिशा ज्ञान, ट्रेसल आदि विषयों की विस्तृत जानकारी का प्रदर्शन गया। कार्यक्रम में रामकुमार नायक, नरेश नायक, ज्ञनेश साहू, राजीव तिवारी, दिलीप निषाद लेखराम साहू, रोहणी देवांगन, पतिराम पटेल, भूपेंद्र दुबे, योगेश्वर डड़सेना, विजय सिन्हा, अंशुमन तांडी, श्रीमती सुकांति नायक, श्रीमती दीपिका देवांगन, श्रीमती सरस्वती पटेल, सुश्री अनिता साहू, श्रीमती लक्ष्मी निषाद, सुश्री महेश्वरी, श्रीमती चंद्रिका , साहू राजकुमारी बंजारे, श्रीमती अनिता मोहन्ती उपस्थित थे।

## कलेक्टर, नगर पालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने चांपा में श्रम दान कर चलाया स्वच्छता अभियान



**जांजगीर चांपा (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री जय थवाईत,वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों ने शनिवार को चांपा के स्व. राजकिरण दुग्गड़ उद्यान सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया और श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान स्व. राजकिरण दुग्गड़ जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। वही स्कूली बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कलेक्टर श्री छिकारा ने वॉल पेंटिंग भी की ,

चांपा शहर में स्वच्छता अभियान के दौरान लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिले को बरसात के समय डायरिया-मलेरिया जैसी बीमारी की चपेट में आने से लोगो को बचाना है और उनके बचाव हेतु यह कार्य जरूरी है। इस दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कहा कि अपने आसपास के स्थानों को साफसफाई रख कर स्वयं एवं अपने आसपास के लोगो को स्वस्थ रखने हेतु प्रेरित किया और सतत रूप से अभियान चलाने कहा। इसके अलावा जिले में जगह जगह स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम चलाया गया।स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, सीएमओ श्री भोला सिंह ठाकुर, तहसीलदार श्री पुलकित साहू सहित पार्षदगण , गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पी.एम.श्री चनाट स्कूल मे हुआ बाल केबिनेट का गठन




**बसना (समय दर्शन)।** विकासखण्ड अंतर्गत पी. एम. श्री. शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे बाल कैबिनेट का गठन निर्वाचन प्रणाली से सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रधान मंत्री पद के लिए उम्मीदवार रिया गिरी एवं देविका पटेल, शिक्षा मंत्री पद के उम्मीदवार सोनालिका एवं पूरब, खेल एवं संस्कृति मंत्री पद के लिए रोशनी एवं खुशबू,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री पद हेतु तुलसी एवं भावेश, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री पद के लिए उषा एवं हिना,सुरक्षा एवं जनसम्पर्क मंत्री पद हेतु खुशी एवं मोहित ने उम्मीदवारी की।

शाला मे मतदाताओं की संख्या 75 है, जिसमे कु. रिया गिरी देविका को 05 मतों से कु.सोनालिका ने पूरब को 25 मतों से,कु. खुशबू ने रोशनी को 07 मतों से,भावेश ने तुलसी को 05 मतों से,कु. उषा ने हिना को 11मतों से तथा मोहित ने खुशी को 10 मतों से पराजित किया।

प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से निर्वाचित सभी उम्मीदवारों को क्रमशः नोडल अधिकारी प्रभा जगत (शिक्षिका) द्वारा प्रधानमंत्री, शिक्षामंत्री,खेल एवं संस्कृति मंत्री,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री,सुरक्षा एवं जनसम्पर्क के दायित्व को बताकर शपथ ग्रहण कराया गया।

निर्वाचन से शपथ कार्यक्रम तक पूर्ण सहयोग नरेश यादव का रहा। विद्यार्थियों मे नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु बाल केबिनेट का गठन अत्यंत आवश्यक है, इसप्रकार के गतिविधियों से बच्चों मे नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस दौरान बच्चों मे उमंग उत्साह का माहौल था। बच्चे मतदान कर खुशी से झूम रहे थे।

उक्त जानकारी प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक ने दी ।

# देवरी संकुल में पहली बार हुआ तकनीकी शिक्षा पर कार्यशाला




**देवरी (समय दर्शन)।** धमधा ब्लॉक के अंतर्गत देवरी संकुल में शिक्षकों का दो दिवसीय तकनीकी शिक्षा संबंधी कार्यशाला सम्पन्न हुआ। ब्लॉक के अधिकारियों- बी.ई.ओ. ,बी.आर.सी, ए.बी.ई.ओ. तथा संकुल प्राचार्य आर.के.साहू के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक डाम्हर साहू द्वारा शासन की महती योजनाओं आई सी टी,ट्यूनिंग आफ स्कूल,कौशल व डिजिटल शिक्षा,प्रतियोगी परीक्षा - नवोदय,एन. एम. एम. एस.,ऑनलाइन कार्य को धरातल स्तर पर क्रियान्वयन के लिए बहुत अच्छी पहल करते हुए मास्टर ट्रेनर के रूप में संकुल स्तर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें नये तकनीक से संबंधी विभिन्न टॉपिक पर विस्तृत जानकारी की गहरी समझ व प्रायोगिक करके अभ्यास कराया गया।

**इन बिन्दुओं पर दिया गया प्रशिक्षण...-** आईसीटी योजना- शासन द्वारा डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हायर सेकंडरी व माध्यमिक शालाओं में प्रोजेक्टर तथा लैपटॉप प्राप्त हुआ है लेकिन तकनीकी शिक्षा के अभाव में इसका उपयोग नहीं के समान हो रहा था। इसके सही उपयोग के बारे में सीखाया गया। इसका उपयोग हम शाला व बच्चों के शिक्षण में कर सकते हैं।

ट्यूनिंग ऑफस्कूल के कॉन्सेप्ट को पूरा करने हेतु ऑनलाइन प्लेटफॉर्म- गूगल मीट,ज़ूम,वेबिनार आदि के माध्यम से लाइव स्ट्रीम कर ऑनलाइन क्लास का आयोजन कैसे करना? इसकी मदद से संकुल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को बहुत हद तक कैसे दूर किया जा सकता है के बारे में टिप्स दिया गया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी- गौरतलब हो कि संकुल के सभी शालाओं में स्मार्ट टी.वी. उपलब्ध है। इसके माध्यम से संकुल के सभी शिक्षकों का प्रतियोगी परीक्षाओं के अलग अलग टॉपिकवार टाइम टेबल बनाकर ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कर तैयारी करवाना।

ए.आई.- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-चैट जीपीटी, जेमिनी की मदद से कठिन विषय वस्तु व अवधारणों को कैसे सरलीकरण कर बच्चों के समझ के लायक बनाया जा सके। तथा इसका उपयोग एम.सी.क्यू. (वैकल्पिक प्रश्न उत्त्तर) बनाने में कैसे करें की जानकारी दी गई।

प्रेजेंटेशन - पॉवरपॉइंट के माध्यम से कैसे विषय वस्तुओं को प्रभावी तरीके से बच्चों के सामने प्रस्तुत करें? प्रेजेंटेशन कैसे बनायें? आदि सीखाया गया।

गूगल शीट-किसी भी प्रकार की शाला/बच्चों से संबंधित रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में कैसे सुरक्षित रखें? परीक्षाओं के रिकॉर्ड को बहुत ही कम समय में कैसे कैलकुलेट कर सके? आदि के टिप्स दिए गए।

एक्सेल फार्मूला-शीट्स के सामान्य से एडवांस फार्मूला जैसे - सम, स्प्लिट,इफ़ एवरेज,ग्रेड, रैंक,उपर, लोअर, फ़िल्टर,ऑटो फिट,ट्रांसलेट आदि अनेक महत्वपूर्ण फार्मूला की ट्रिक बताई गई और अभ्यास कराया गया।

क्विज प्रश्न उत्तर तैयार करना- गूगल फॉर्म के माध्यम से बच्चों के कक्षानुरूप क्विज प्रश्न उत्तर कैसे बनाये व उसकी ऑटोमैटिक जांच कैसे करें को सीखाया गया।

**मोबाइल का डिजिटल उपयोग** - मोबाइल का उपयोग शाला/कक्षा सम्बंधी एप्प के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधि कैसे करें। महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट फ़ोटो आदि को फोल्डर बनाकर कैसे सुरक्षित रखें ताकि सही समय में जानकारी उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। उक्त जानकारी को बेहतर ढंग से समझाने का प्रयास किया गया।

**शिक्षकों में दिखा उत्साह-** शिक्षकों का कहना है कि ऐसे तो हमने बहुत सारे तकनीकी शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण हमने पहली बार प्राप्त किया है। ऐसा प्रशिक्षण हमारे और बच्चों के लिए बहुत उपयोगी है ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन बीच-बीच में होते रहना चाहिए।

**संकुल संकुल समन्यवक** - संकुल स्तर पर किसी भी प्रकार के नवाचार के लिए संकुल प्राचार्य आर.के. साहू जी का हमेशा से स्पोर्ट प्राप्त हुआ है। उनके ही मार्गदर्शन में संकुल आगे बढ़ रहा है। यह कार्यशाला सक्रिय,उत्साही,कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों के कारण सम्भव हो पाया है। जिन्होंने स्वयं से सीखने के लिए इच्छा जाहिर किये और बिना थके प्रशिक्षण प्राप्त किये। मैं चाहता हूं कि इसका लाभ शिक्षक तक ही सीमित न रहें बल्कि संकुल के सभी बच्चों तक पहुँचे।

इस मौके पर संकुल प्राचार्य,उमेश्वरी दुबे,झनक ठाकुर,प्रदीप सिंह राजपूत, हेमा पटेल,लीना सिन्हा,संगीत मजगौरी,रुबिन्दर कौर,गिरिराज सिन्हा,दुर्गा प्रसाद साहू आदि उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये।

सार समाचार

## सरेआम शराब पीते सात लोग पकड़ाए

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने शराब दुकान कचना के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नागेश्वर कारके 42 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी मलिक कुमार 32 वर्ष व दिनेश श्रीवास 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी साहिल खान 22 वर्ष एवं खमतराई रामजी वर्मा 39 वर्ष व संजय साहहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी पप्पू भारती 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** अनुपम नगर खम्हारडीह में पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हाडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश धृतलहरे 20 वर्ष अनुपम नगर खम्हारडीह का रहहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी गोपी ने प्रार्थी का रास्ता रोककर पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने हल्दी के उन्नन्त किस्मो के पौधे किए वितरित

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर:कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. चंदेल ने कृषकों को हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधे वितरित किये - इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (दुर्ग) द्वारा तैयार हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधे प्रगतिशील किसानों को प्रदान किये। ये पौधे सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में संचालित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत विकसित किये गये हैं। इस परियोजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा द्वारा हल्दी की उन्नत किस्मों के एक लाख पौधे तैयार कर किसानों को वितरित किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा विभिन्न मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी तथा नवीन प्रजातियों के प्रचार-प्रसार हेतु किसानों के खेतों में फसल प्रदर्शन हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बताई सावधानियां

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सभी जिलों में वर्षा ऋतु में उल्टी दस्त, मलेरिया, पीलिया व अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए लगातार उचित रोकथाम एवं प्रबंधन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में महासमुंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि जिले में कुल 264 ओ.आर.टी कार्नर की स्थापना की गई है जिसमें 227 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 01 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 01 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को संबद्ध चिकित्सालय है। जिसमें आई व्ही फ्लूइड, पैरासिटामाल दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए जिले में ओ.आर.एस 96 हजार पैकेट एवं 2 लाख 44 हजार जिंक टेबलेट उपलब्ध है। सभी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मितानिनो के दवा पेटी में पर्याप्त मात्रा में मौसमी बीमारी से निपटने हेतु समस्त दवाईयो जैसे ओर.आर.एस, जिंक, पैरामिटामाल एवं अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करा दी गई है। डॉ. कुदेशिया ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां जैसे खाने की वस्तुओं और पानी को ढंककर रखने, बासी भोजन व सड़े गले फलो का सेवन न करने तथा हमेशा ताजा भोजन करने की सलाह दी है। इसी तरह दस्त होने पर ओ.आर.एस. (जीवन रक्षक घोल) बनाकर थोडी-थोड़ी देर में पीते रहने, पानी को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाने की सलाह दी है। इसके साथ ही भोजन से पूर्व और शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने की सलाह दी है।

# एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा करने वाले सीजीपीएससी में एक भी वैकेंसी नहीं निकला पाये -कांग्रेस

### कांग्रेस सरकार में हर साल सीजीपीएससी में 10 से 12 वैकेंसी निकलती थी



**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा की सरकार अभी तक सीजीपीएससी में एक भी वैकेंसी नहीं निकल पाई है। भाजपा की सरकार की रुचि राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर देने में नहीं है। यही वजह है कि अभी तक किसी प्रकार की नई वैकेंसी नहीं निकाली गई है। सीजीपीएससी के माध्यम से जो भी भर्ती चल रही है वह सब कांग्रेस सरकार के दौरान निकाली गई वैकेंसी की है। कांग्रेस सरकार के दौरान हर साल सीजीपीएससी में 10 से 12 वैकेंसी निकलती थी 2022 में दो दर्जन से अधिक वैकेंसी निकाला गया था। 2022 में सिविल जज, राज्य सेवा परीक्षा, आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर, प्यून भर्ती, कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर, फिजियोथेरेपिस्ट, वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन, फायर ऑफिसर, साइंटिफिक ऑफिसर, मेडिकल स्पेशलिस्ट, डेंटल सर्जन, असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल एजुकेशन, असिस्टेंट रजिस्टार माइनिंग ऑफिसर, साइंटिफिक ऑफिसर केमिस्ट्री, सहित कई पदों में भर्तियां निकाली गई थी। जनवरी 2024 के बाद व्यापम की ओर से किसी भी प्रकार से कोई भर्ती नहीं निकाली गई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में वित्तीय व्यवस्था खस्ता हाल में है। 7 महीने में ही यह सरकार लगभग 30000 करोड़ से अधिक का कर्ज ले चुकी है। नौकरी देना दूर की बात है जिनके हाथ में नौकरियां थी उनसे भी नौकरियां छीनी जा रही है। एकलव्य आवासीय विद्यालय में सेवा दे रहे 700 से अधिक युवाओं को नौकरी से बाहर कर दिया गया है। क्रेडा में तकनीकी सहयोगियों को हटाया जा रहा है। बीएड, डीएड वालों के बीच के विवाद को खत्म नहीं किया जा रहा है। अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के वादा की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जशपुर जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

### बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी भर्ती- जायसवाल



**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जशपुर जिले के प्रवास के दौरान राजा देवशरण जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा और जिला चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा जांच उपकरणों एवं दवाओं की जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव कराने के साथ ही अस्पताल की रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने सीटी स्कैन, पोषण पुनर्वास केंद्र, पंजीयन कक्ष, ओपीडी कक्ष, कैंसर वार्ड, आईसीयू वार्ड, पोस्ट पेशेंट वार्ड, खून जांच लैब, मातृ शिशु स्वास्थ्य कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्ष में सीलिंग फॉल लगाने हेतु प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जायसवाल ने आयुष्मान कार्ड समय पर बनाने कहा जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों से बातचीत कर निरंतर बेहतर चिकित्सा सेवा देने प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सफाई कर्मियों से भी बातचीत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सों की जरूरत है आवश्यकता के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती भी की जाएगी। ऑक्सीजन प्लांट की रिपेयरिंग कराई जाएगी इसके लिए अस्पताल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को सभी आवश्यकताओं का प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने की निर्देश दिए।

# ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ने गौठान को पुनः चालू करने रायपुर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर( समय दर्शन )।** आज रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा के नेतृत्व में गौठान को चालू करने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। पूरे प्रदेश में धान की बोनी हो गई है पूरे प्रदेश में 90 प्रतिशत धान की बोआई हो चुका है। धान को 25 दिन से 1 महीना हो गया है। धान बड़े हो गए है, गांव में आवारा पशु खुले में छोड़ दिए है। गांव में भी गौठान बंद होने से बवस्था नही हो पा रहा है, ये समस्या पूरे प्रदेश में है। फसल चरी से किसान खासे परेशान है। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में लगभग सभी गांव में गौठान बना हुआ है, लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है, गौठान को बंद कर दिए है। जिससे गांव में जानवरों को नियंत्रण नहीं किया जा रहा है, जगह-जगह जानवर रोड रास्ते में देखा जा सकता है। इस गंभीर समस्या को लेकर आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर से मिलकर समस्या के समाधान करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपने रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऊधो राम वर्मा, पप्पू राजेंद्र बंजारे सचिव प्रदेश कांग्रेस, घनश्याम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कोमल साहू, देवादास टंडन, भारती शर्मा, सौरभ शर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, कन्हैया यादव, मनोज शर्मा, श्रवण चंद्राकर, देवेंद्र वर्मा, अरुण शुक्ला, संतोष पाल, चोवा साहू, सहित रायपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## निगम ने डस्टबिन नहीं रखने पर 3 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

**रायपुर( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत अभियान लगातार सभी जोनों और वार्डों में निरन्तर जारी है. इस क्रम में आज नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता दीदियों के सहयोग से जोन के तहत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड नम्बर 42 और महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड नम्बर 43 के तहत लाखेनगर, मुकुट नगर, अश्विनी नगर, सुन्दर नगर क्षेत्र के बाजारों में दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान 3 दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और गंदगी फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायतें सही पाए जाने पर सम्बंधित दुकान संचालकों को सफाई का ध्यान रखने और अनिवार्य रूप से दुकान के कचरे को डस्टबिन में रखने की समझाईश देते हुए उनसे कुल 800 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला गया. अभियान सभी जोनों और वार्डों में लगातार चलाने और नागरिकों को स्वच्छता को लेकर जागरूक बनाने के निर्देश निगम आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये हैं.

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक हवाई अड्डे पर आगमन पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया।



## स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मी हड़ताल की राह पर

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री से लेकर बड़े नेताओं को ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से व्यथित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं. 22 और 23 जुलाई को इन संविदा कर्मचारियों की हड़ताल से प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ने के आसार हैं. छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी माँगों को लेकर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री सहित तमाम सांसदों और विधायकों से मिल कर ज्ञापन दिया गया था. लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर विवश होकर ध्यानाकर्षण के लिए 22 और 23 जुलाई को रायपुर में हड़ताल करने का निर्णय लिया है. एनएचएम और एड्स नियंत्रण मिशन से लगभग 16 हज़ार से ज्यादा डॉक्टर, नर्स, पैरा मेडिकल व प्रबंधकीय संवर्ग के कर्मचारी जुड़े हुए हैं. हड़ताल की वजह से इनके काम पर नहीं रहने से मरीजों के परीक्षण, जांच, दवाई, जन्म-मृत्यु पंजीयन, पोषण पुनर्वास, टीकाकरण सहित टीबी, मलेरिया, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाएं प्रभावित होंगी. इसके अलावा प्रदेश में डायरिया, मलेरिया का प्रकोप चरम पर है, ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं के पटरी से उतरने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है.

# मलेरिया व डायरिया पीड़ित मरीजों को देखने सिम्स और जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

### झाड़ फूंक व झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर से बचने कहा

### गांवों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान



**बिलासपुर (समय दर्शन)।** बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने आज सिम्स और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। उनका अच्छे से देखरेख और इलाज करने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। उन्होंने यहां मलेरिया और डायरिया के मरीजों के लिए बेड बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में मलेरिया और डायरिया प्रभावित मरीजों के लिए आपात स्थिति में 15 आईसीयू के बेड और 20 सामान्य बेड बढ़ाया जाए। इसी प्रकार सिम्स में 10 आईसीयू बेड बढ़ाने कहा। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने मरीजों की बेहतर निगरानी और इलाज के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को समझाइश दी गई है कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य की समस्या होने पर झाड़-फूंक या झोलाछाप डॉक्टर से इलाज न कराकर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र जाकर इलाज कराएं। उन्होंने प्रभावित गांवों में जनचौपाल लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाने को कहा है ताकि वर्षा जनित बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने निर्देशित किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करें और संक्रमण की जानकारी मिलने पर त्वरित स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार करना सुनिष्चित करें। कलेक्टर ने जिले में डायरिया के प्रभाव को नियंत्रित करने हेतु जनचौपाल एवं क्षेत्र भ्रमण के निर्देश पर जिला प्रशासन, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मदनपुर में स्वास्थ्य चौपाल लगाया। टीम ने गली कूचों का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। जिसमें ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छ जल सहित खान-पान की जानकारी दी गई। इस दौरान पानी उबाल कर पीना है - डायरिया को दूर करना है का स्लोगन भी दिया गया। गांव में मितानिनों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे जागरूक किया जाकर ओआरएस एवं दवाई का वितरण किया जा रहा है। पीएचई विभाग द्वारा स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु टंकी की सफाई कराकर सभी बोर को क्लोरिन डाला गया। नालियों की सफाई सहित ब्लीचिंग छिड़काव भी कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी गांवों में हर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों जैसे डायारिया मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने हेतु जनचौपाल आयोजित किया जा रहा है। चौपाल में हाथ धुलाई ,स्वास्थ्य परीक्षण , दवा वितरण एवं जनजागरुकता का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिला एवं मितानिन द्वारा घर-घर जाकर मौसमी बीमारी के लक्षण एवं रोकथाम के उपाय से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## डब्ल्यू आरएस कॉलोनी में पटरी केपास मिला युवकका शव

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर के डब्ल्यू आरएस कॉलोनी में पटरी के पास एक युवक की लाश मिली है। मृतक की हत्या होने की आशंका है। मामले में खमतराई पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को रायपुर के डब्ल्यू आरएस कॉलोनी में पटरी के पास लोगों ने एक व्यक्ति की लाश देखी तथा इसकी सूचना खमतराई पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान दलदल सिवनी निवासी रमजान खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान है वहीं मृतक का पर्स, मोबाइल सहित उसका मालवाहक वाहन मौके से गायब है। जिसके आधार पर हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। यह मामला हत्या का है या हादसे का यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संपादकीय

# आम लोगों को तगड़ा झटका

खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई ने भी आम लोगों को तगड़ा झटका दिया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 फीसद पर पहुंच गई थी जो चार महीने का उच्चतम स्तर है। अब थोक महंगाई ने भी लगातार चौथे महीने बढ़त दिखाई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदाथरे, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विर्निमित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि रही। गौरतलब है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मई में 2.61 फीसद के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 फीसद नीचे रही थी। फरवरी, 2023 में यह 3.85 फीसद थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में 32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदाथरे के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही। ईधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े। बेशक, जुलाई माह में कुछ राहत मिलने के अनुमान है। अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई माह में थोक महंगाई में दो फीसद तक नरमी आने की उम्मीद अर्थशास्त्री जतला रहे हैं। अलबत्ता, नरमी की संभावना को कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता से झटका लग सकता है। जुलाई माह में कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता के चलते मांग-आपूर्ति के मद्देनजर मासिक आधार पर कच्चे तेल में वृद्धि का रुझान देखने को मिला तो थोक महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। बेशक, थोक महंगाई में बढ़त का रुझान केंद्रीय बैंक को उतना चिंता में नहीं डालता जितना खुदरा महंगाई का रुझान। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। लेकिन यह भी सच है कि थोक दामों का असर भी खुदरा महंगाई पर कुछ समय बाद दिखलाई पड़ने लगता है। फिर, धारणा से भी निश्चित ही आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कर संग्रह आदि आर्थिक संकेतक मजबूत हैं, जिससे दामों के सीजनल दबावों से पार पाने में मदद मिलेगी।

## छोटे किसानों के हितों की रक्षा



न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल अलग-अलग किसान संगठनों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों को ज्ञापन सौंपेंगे। इस बार दिल्ली कूच करने की बजाय देशव्यापी विरोध की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को वे प्रमुखता देंगे।

इन राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। फसल बीमा, किसानों को पेंशन बिजली के निजीकरण को बंद करने के साथ सिंधु और टिकरी सीमा पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने की मांग भी कर रहे हैं। समर्थन मूल्य को लेकर यह आंदोलन 2020 में शुरू हुआ था।

यूं तो इसे बड़े किसानों का आंदोलन कहा जा रहा है लेकिन किसानों का एक वर्ग मोदी सरकार की कृषि नीतियों से संतुष्ट नहीं है। सरकार की तरफ से मिले आासन और आम चुनाव के दौरान आंदोलन कुछ वक्त के लिए ठहर सा गया था। देश में छोटे किसानों की तादाद बहुत है। दूसरे वे लोग हैं, जो कृषि कायरे के जरिए जीवन यापन करते हैं।

उन सबको इन आंदोलनों या मांगों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हालांकि अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार हर देशवासी को है। वह सरकार के समक्ष अपनी कोई भी मांग रखने को आजाद है। मगर पिछले आंदोलन के दरम्यान प्रदर्शनकारियों के कारण कई स्थानों पर जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। आगजनी और पथराव हुआ था।

सुरक्षाबलों पर हथियार भी प्रयोग हुए। इसी दरम्यान पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के शंभू बार्डर पर धरनारत किसानों को हटाने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार को भी बैरिकेड हटाने और चड़ीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने का आदेश दिया है।

पांच महीनों से अवरुद्ध इस मार्ग के खोलने से कारोबारियों और नियमित यात्रियों को होने वाली असुविधा से निजात मिल सकेगी। हम कृषि प्रधान देश हैं इसलिए उनकी जरूरतों और मांगों की अनदेखी नहीं की जा सकती। मगर उन्हें भी उग्र विरोध से बचना चाहिए। अड़ियल रुख दिखाने की बजाय सरकार को भी छोटे किसानों के हितों की रक्षा में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

# 25 जून अब संविधान हत्या दिवस

**राकेश कुमार आर्य –**


अभी हाल ही में संपन्न हुए 18वीं लोकसभा के चुनावों के समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अक्सर यह कहते रहे कि वर्तमान मोदी सरकार यदि तीसरी बार सत्ता में आई तो वह संविधान बदल देगी । भाजपा की लाख कोशिशों के उपरांत भी राहुल गांधी संविधान बचाने के अपने मुद्दे को ' कैश ' कर गए। देश के मतदाताओं के मन मस्तिष्क में वह इस विचार को बैठाने में सफ्ल हो गए कि यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो वह संविधान बदल सकते हैं । उसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा अपने प्रति सब कुछ अनुकूल होते हुए भी सत्ता के लिए अपने बल पर बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई । उसे राजग के माध्यम से सरकार बनाने का जनादेश प्राप्त हुआ। जबकि कांग्रेस अपनी 44 सीटों से बढ़कर 99 सीटों तक पहुंच गई। राहुल गांधी की सोच और रणनीति को विफ्ल करने के दृष्टिकोण से भाजपा ने भी अब पलटवार करते हुए बड़ा अहम निर्णय लिया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब प्रत्येक वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है जो आपातकाल की ज़्यादतियों की वजह से उत्पीड़ित हुए। कांग्रेस ने भारतीय इतिहास में ये काला दौर शुरू किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाना ये याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को कुचला जाता है तो क्या होता है ?

कांग्रेस ने भारत सरकार के स्तर पर किए गए इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री एक बार फ्रि हिपोक्रेसी से भरी एक हेडलाइन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

अब देश की ये दोनों बड़ी राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर क्या छींटाकशी करती हैं ? यह तो वे दोनों ही जानें, परंतु हम यहां पर आपातकाल के बारे में कुछ निष्पक्ष समीक्षा करने का प्रयास करेंगे। हम यह भी विचार करेंगे कि नरेंद्र मोदी सरकार ने संविधान की सचमुच हत्या की है या संविधान के प्रावधानों का यथावत पालन करने का गंभीर प्रयास कर एक अच्छा संकेत देने का प्रयास किया है ?

पहले हम 25 जून 1975 की ओर ही चलते हैं। जब देश में पहली बार आपातकाल लगाया गया था। उस समय देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं । इंदिरा गांधी के बारे में हमें जान लेना चाहिए कि जब वे देश की प्रधानमंत्री बनी थीं तो पंडित जवाहरलाल नेहरू की बेटी होने के उपरांत भी वह




एक ' गूंगी गुड़िया ' ही थीं । तब कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भी उन्हें इसी नाम से पुकारा था। कांग्रेस उस समय इंडिकेट और सिंडिकेट में विभाजित हो गई थी। कांग्रेस का सिंडिकेट नहीं चाहता था कि इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी रहें। इसलिए कांग्रेस के बड़े नेताओं से सहयोग न मिलने के कारण इंदिरा गांधी अपने आप को असुरक्षित अनुभव करती थीं। 1969 की नवंबर में असुरक्षा के इसी भाव के चलते इंदिरा गांधी ने कांग्रेस को विभाजन के कगार पर पहुंचा दिया। उससे पहले देश के राष्ट्रपति का चुनाव हुआ, जिसमें इंदिरा गांधी ने कांग्रेस के नेतृत्व के साथ विद्रोह करते हुए, अपने प्रत्याशी वी वी गिरि को देश का राष्ट्रपति बनवाने में सफ्लता प्राप्त की। जब कांग्रेस का विभाजन हुआ तो उसके पश्चात उन्हें संसद में अपनी सरकार को चलाने के लिए अल्पमत का सामना करना पड़ा। जिसे बहुमत में बदलने के लिए उन्हें कम्युनिस्टों का सहारा लेना पड़ा। इसके बाद 1971 में लोकसभा के चुनाव हुए। जिनमें इंदिरा गांधी के सामने राजनारायण ने चुनाव लड़ा। उन्होंने इंदिरा गांधी के चुनाव को न्यायालय में चुनौती दी । जिस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आदेश जारी किया कि इंदिरा गांधी के चुनाव में धांधली हुई है । इसलिए उनका चुनाव निरस्त किया जाता है। इस निर्णय के बाद देश के विपक्ष की देश में आंधी चल गई। जिसके तूफ़ान से इंदिरा गांधी घबरा गईं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उस समय एक बयान जारी किया। जिसमें उन्होंने पुलिस और सेना से इंदिरा गांधी के गलत आदेश को न मानने की अपील की थी। गुजरात और बिहार में छात्रों ने भी आंदोलन आरंभ किया । उनका आंदोलन बड़े प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा था।

यद्यपि बिहार के छात्रों का आंदोलन बिहार से बाहर प्रभावी रूप से कुछ करने में अक्षम रहा था, परंतु इतना अवश्य था कि युवा शक्ति के इस प्रकार अपने विरोध में उतर जाने से इंदिरा गांधी अत्यधिक चिंतित हो गई थीं। बिहार के छात्रों के आंदोलन को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने अपना समर्थन दिया था। यद्यपि उन्होंने छात्रों को यह समर्थन इस शर्त पर दिया था कि इसमें कोई राजनीतिक दल नहीं उतरेगा। जब इंदिरा गांधी ने इस प्रकार के आंदोलन पर अपनी खुफ्या एजेंसियों से रिपोर्ट मांगी तो अधिकारियों ने बढ़ा चढ़ा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिससे इंदिरा गांधी और भी अधिक भयभीत हो गईं। इसी भयभीत इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा था।

डरी सहमी इंदिरा गांधी ने आपातकाल में देश के नेताओं पर अमानवीय अत्याचार किये। प्रेस पर भी पहरा बैठा दिया गया। लोगों के मौलिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया । जिस किसी ने भी इंदिरा गांधी के विरुद्ध बोलने का प्रयास किया, उसी को उन्होंने जेल की यातनाएं दीं । उनके प्रशासन ने अनेक लोगों पर अनेक प्रकार के अत्याचार किए। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी तथा कांग्रेस के चंद्रशेखर और मोहन धारिया जैसे अनेक बड़े नेताओं को उठाकर जेल में डाल दिया गया था। कुछ समय पश्चात जब इंदिरा गांधी ने देखा कि देश के नेताओं के समर्थन में जनता कुछ भी नहीं कर रही है और उसने सड़क पर उतरकर लोकतंत्र बहाली के लिए भी कुछ नए करने का निर्णय ले लिया है इंदिरा गांधी को लगा कि देश के लोग उनके आपातकाल लागू करने के निर्णय से सहमत हैं और वे देश के विपक्षी नेताओं से अप्रसन्न होने के कारण अब भी इंदिरा गांधी के समर्थन में ही मतदान करेंगे । इसी गलत अनुमान के कारण इंदिरा गांधी ने देश में लोकतंत्र बहाल करते हुए नए चुनाव कराने की घोषणा कर दी। इंदिरा गांधी को देश की जनता के गुस्से की उस समय जानकारी हुई, जब चुनाव परिणाम आए। देश के लोगों ने इंदिरा गांधी को सत्ता शीर्ष से खींचकर नीचे फेंक दिया और जो लोग इंदिरा गांधी की जेल की सलाखों के पीछे पड़े थे या जेल से अभी छूटकर चुनाव जीत कर आए थे, उन्हें सत्ता शीर्ष पर पहुंचा दिया। अब आते हैं वर्तमान सरकार पर । हमारा मानना है कि वर्तमान सरकार ने धारा 370 हटाकर संविधान की रक्षा की है । क्योंकि हमारा संविधान उस मौलिक अवधारणा पर निर्मित किया गया है, जो केंद्र को मजबूत करने की पक्षधर थी। क्योंकि जब-जब केंद्र मजबूत नहीं रहा, तब तब देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा हुआ है। हमारे संविधान निर्माता इस बात से भली प्रकार परिचित थे। यही कारण था कि उन्होंने केंद्र को मजबूत करने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर हर स्थान पर केंद्र की मजबूती का संकेत दिया है। फ्रि वे धारा 370 जैसी देश तोड़ने की समर्थक धारा का अनुमोदन क्यों करते ? स्पष्ट है कि यह धारा कांग्रेस द्वारा ही संविधान निर्माताओं की मौलिक सोच और चिंतन के विपरीत जाकर स्थापित करवाई गई थी। जिसे हटाना देश के संविधान की रक्षा करने के समान था। राम मंदिर का निर्माण की संवैधानिक ढांचे के भीतर रहकर ही संपन्न कराया गया है। इसे न्यायालय के आदेश से बनवाया गया है, न कि सरकार की हठधर्मिता के कारण। वैसे भी जब देश में सोमनाथ के मंदिर का उद्धार हो सकता है तो राम मंदिर का उद्धार यदि सरकार के माध्यम से भी कराया जाता है तो भी वह असंवैधानिक नहीं हो सकता। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जिस प्रकार झूठ बोलने की प्रवृत्ति को अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाए रखने के लिए हथियार के रूप में प्रयोग कर रहे हैं, वह उनके लिए घातक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने चुनावों के दौरान झूठा विमर्श तैयार किया और अपनी राजनीति को स्थापित करने के लिए या कहिए कि अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए उन्होंने यह झूठा प्रचार किया कि भाजपा संविधान बदलने जा रही है। लगता है उन्होंने यह मान लिया था कि जिस प्रकार संविधान को कुचलने वाली उनकी दादी इंदिरा गांधी को लोगों ने 1977 में सत्ता से दूर कर दिया था, उसी प्रकार उनके 卐 संविधान बचाओ 卐 के नारे के चलते लोग नरेंद्र मोदी को भी सत्ता से दूर कर देंगे। उन्होंने सोचा कि संविधान बचाने के लिए लोग जिस प्रकार 1977 में सड़कों पर आ गए थे या पोलिंग बूथ पर जाकर लाइनों में खड़े हो गए थे, उसी प्रकार का चमत्कार इस बार होगा। यद्यपि राहुल गांधी यह नहीं समझ पाए कि 1977 और 2024 की परिस्थितियों में जमीन आसमान का अंतर है। अब 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर अमित शाह ने कांग्रेस की दृष्टि में चाहे जितना बड़ा पाप किया हो, परन्तु भाजपा ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के लिए एक हौआ अवश्य खड़ा कर दिया है। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि लोकतंत्र और संविधान के हत्यारे लोग ही यदि झूठा प्रचार करेंगे या झूठ विमर्श तैयार करेंगे तो ऐसे लोगों को पाल से लगाने के लिए यही उचित है कि देश प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगा। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसे शीशे के महलों में रहकर दूसरे के शीशे के महलों पर पत्थर नहीं मारने चाहिए थे। उसे अपने अंतर्मन से अवश्य पूछना चाहिए था कि संविधान बचाने के नाम पर वह जिस प्रकार का मिथ्या प्रचार कर रही है , वह कितना उचित है ?

# आहत बापू के बोल

आज हमारे बीच गांधी होते तो रंज और मलाल से अपना सिर पकड़ लेते। आज न तो उनके अनशन की पूछ होती और न ही सत्याग्रह चल पाता। घोटालों की बाढ़ में उनके कुछ भी समझ में नहीं आता कि वे क्या करें या क्या न करें? ऐसी सरकार जिसमें बेमियादी अनशन करने वालों को खुद ही अनशन तोडऩा पड़े तो गांधी बेचारे आखिर करते भी क्या? गूंगी और बहरी बनी सरकार गांधी की गलफांस बन जाती। इस नक्कारखाने में लंगोटी वाले की सुनता भी कौन? मैं खुद आहत हूं, पसोपेश में हूं। गांधी चौक पार्क में जाकर गांधी की प्रतिमा के सामने खड़ा हो गया। अपलक उन्हें देखता रहा, आवाज आई ङ्क "क्यों बेटा क्या बात है? मुझे जिस काल में कोई देखना नहीं चाहता, ऐसे में तुम अपना आहत हृदय लेकर क्यों वक्त बरबाद कर रहे हो?" "बाबा, देश का क्या होगा?" मैंने प्रश्न किया तो मंद मुस्कान के साथ आवाज आई - "किसका देश और कौनसा देश?" "बापू आपका भारतवर्ष।" मेरे यह कहने पर प्रतिमा ने उत्तर दिया -"यह तुम्हारा वहम है बेटा। भारत नहीं, यह अंग्रेजों का इंडिया बन गया है फ्रि से। भारत होता तो उसके सिद्धांत और संस्कृति का चलन होता। बेटा भारत बहुत पीछे छूट गया है। देशभक्ति का जज्बा आज है किसमें? सब इसे बेतहाशा गति से लूट रहे हैं। अब यह सोने की चिडिय़ा नहीं रहा है। दूध-दही की नदियां नहीं बहती अब। चाय को राष्ट्रीय पेय बनाने की बहस चल रही है। बूचडख़ानों में रोज हजारों गायों की हत्याएं हो रही हैं। इसलिए दुखी होने से क्या फ़ायदा। जाओ तुम भी इसी भीड़ में शामिल हो जाओ।" मैं बोला -"नही बापू, इस देश को रास्ता दिखाओ, वरना यह तो आत्मघात की ओर बढ़ रहा है।" "बेटा, मैंने अन्ना नाम का एक बूढ़ा भेजा था, लोग उसे बेवकूफ बनाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हैं और उसकी किसने सुनी। जंतर-मंतर से वह भी चला गया। राजघाट आया, तब मैंने उससे कहा था -"अन्ना, मत सिरफ़ेड़ी करो। जाओ गांवों में गरीबों की सेवा करो। लेकिन टीम के बहाने आए लोग ही सत्ता सुख के सपने देखने लगे। उसकी दशा आज मेरी जैसी ही है। आहत होकर पड़ा है। निर्णय लेने की क्षमता इस मारामारी और आपाधापी के युग में खत्म हो गई है।" "तो बापू, मैं क्या करूं? मैं बहुत दुखी हूं। यहां का एक साधारण आम गरीब हूं। पेट की आग शांत करने का मार्ग सुझाओ।" मैंने पूछा तो बापू बोले-"गरीब हो, यह मेरा और तुम्हारा दुर्भाग्य है। गरीबी हटाओ के कार्यक्रमों में तुमने देख ही लिया। नेता सब हड़प जाते हैं। गरीब रोते हैं। जिस देश का नेता भ्रष्ट हो, उसे भला कौन संभाल सकता है। जाओ अपने घर। मैं क्या बताऊं पेट की आग बुझाने का मार्ग!" मैंने देखा बापू की प्रतिमा से दो बूंद अश्रु ढुलक पड़े। बोले -"बेटा मुझे जगह-जगह पूरे देश में खड़ा कर दिया गया है। मेरे आदर्श आज धूल चाट रहे हैं। जाओ, अपने घर जाओ। हां, आत्महत्या मत करना, इतनी सी मेरी तुमसे प्रार्थना है।" गांधी इसके बाद मौन हो गए। मैं बहुत देर तक उन्हें देखता रहा, लेकिन वे बोले कुछ नहीं।

# पेरिस ओलंपिक में भारत से है ढेरों उम्मीदें, क्या हॉकी में मिलेगा स्वर्ण पदक?

**आदर्श प्रकाश सिंह**

पेरिस में 2024 के ओलंपिक खेल आरंभ होने ही वाले हैं। 26 जुलाई को उद्घाटन समारोह के साथ ही खेलों के इस महाकुंभ का आगाज हो जाएगा। दुनिया के सभी देश इस बड़े खेल आयोजन में अपनी किस्मत आजमाने उतरेंगे। पिछले ओलंपिक खेल 2021 में जापान की राजधानी टोक्यो में हुए थे। वैसे इसे 2020 में होना था लेकिन कोविड महामारी के चलते एक साल आगे खिसकाना पड़ा। हर चार साल के बाद ओलंपिक खेलों का आयोजन होता है। जहां तक भारत की बात है तो इस बार हमारी तैयारी बहुत अच्छी है। टोक्यो में मिले सात पदकों की वजह से भारतीय दल का जोश हाई है। इस बार पदकों की संख्या दहाई के अंक तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। देशवासियों को उम्मीद है कि पिछली बार से अधिक पदक अवश्य मिलेगा। टोक्यो में भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा एक सनसनी बन कर उभरे थे। उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम ऊंचा किया था। ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला स्वर्ण पदक था। पेरिस में भी नीरज चोपड़ा से वही प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद की जा रही है। चोपड़ा ने पिछले एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस में भारत के कुल 117 खिलाड़ी पदकों की होड़ में अपनी बाजी लगाएंगे। इनके साथ 140 लोगों का सपोर्ट स्टाफभी जा रहा है।

अब हॉकी की बात करते हैं जो भारत का लोकप्रिय खेल है। भारत को इसमें पदक की आस हमेशा रहती है। वजह, इस खेल में हमारा कई दशकों




तक दबदबा रहा। भारत ने ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। वह हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का स्वर्णिम समय था। मगर, एक दौर वह भी आया जब हमारी हॉकी रसातल में चली गई। यूरोपीय टीमें हमसे आगे बढ़ गईं। 1976 के मांट्रियल ओलंपिक में भारतीय टीम सातवें स्थान पर रही। इसके बाद मास्को ओलंपिक-1980 में भारत ने स्वर्ण पदक जीता लेकिन इसकी अहमियत इसलिए नकार दी गई क्योंकि कई बड़े देशों ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार कर दिया था। जर्मनी, हालैंड, पाकिस्तान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों ने इसमें भाग नहीं लिया। अफ्गानिस्तान में सोवियत संघ की सेना की मौजूदगी के विरोध में यह निर्णय किया गया था। बहरहाल, भारत ने फाइनल में स्पेन को कड़े मुकाबले में 4-3 से हराकर हॉकी का स्वर्ण पदक जीत लिया।

इसके बाद पदक का सूखा पड़ गया। भारतीय टीम लगातार हारती रही। ओलंपिक में जाकर खाली हाथ वापस आने का सिलसिला चल पड़ा। एक बार तो ऐसा भी हुआ कि बीजिंग ओलंपिक-2008 के लिए भारतीय हॉकी टीम क्वालीफाई ही नहीं कर पाई। यह बड़ी शर्मनाक स्थिति थी। यह सिलसिला 41 साल बाद टोक्यो में खत्म हुआ और हमारी टीम ने हॉकी का कांस्य पदक जीत लिया। कम से कम हम खाली हाथ नहीं लौटे। इसलिए पिछला ओलंपिक कई मायनों में भारत के लिए बेहतरीन रहा। हालांकि, स्वर्ण पदक अब भी हमसे दूर है। देखना है कि पेरिस में भारत की टीम कैसा प्रदर्शन करती है। उसके पूल में अर्जेंटीना, बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया जैसी तगड़ी टीमें हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत स्वर्णिम सफ्लता के लिए बेताब होगा। अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश का यह आखिरी ओलंपिक है। टीम चाहेगी कि उन्हें स्वर्णिम विदाई दी जाए। कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों से अच्छी तैयारी कराई है। इसी टीम ने एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। पदक की एक उम्मीद मीराबाई चानू से है। भारोत्तोलन में उन्होंने टोक्यो में रजत पदक जीता था। इस बार वह पदक का रंग बदलना चाहेंगी। मुक्केबाजी में हमारी बेटियां पदक ला सकती हैं। चार महिलाएं और दो पुरुष मुक्केबाज पेरिस में दम दिखाने को तैयार हैं। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन पहली बार ओलंपिक में खेलेंगी। टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन पेरिस में नए भार वर्ग में उतरेंगी। उनसे भी पदक जीतने की उम्मीद है। पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल और निशांत देव भी भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। अब तक मुक्केबाजी में भारत को कांस्य पदक ही मिले हैं। इस बार रजत या स्वर्ण हासिल करने की ख्वाइश जरूर होगी। कुश्ती में भी भारत को पदक की आशा रहती है। बैडमिंटन में भारत की स्टार पीवी सिंधू ने रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य जीता था। स्वर्ण पदक के साथ वह ओलंपिक का सफ्र खत्म करना चाहेंगी। पेरिस में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संकल्प लेकर जा रही हैं।



# सेहत को रखे कूल गुड़हल का फूल

- गुड़हल का फूल जिसके बारे में आपने प्राइमरी स्कूल की किताबों में पढ़ा था। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता, बल्कि यह सेहत का खजाना लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं। इसके सभी हिस्सों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए किया जा सकता है।
- यूनानी दवाओं में गुड़हल का बहुत उपयोग होता है और इससे कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, रक्तचाप, गुर्दे की बीमारियों और गले के संक्रमण जैसे रोगों का इलाज किया जाता है। यह विटामिन सी, कैल्शियम, वसा, फाइबर, आयरन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, टेटरिक और ऑक्सीलिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स और फ्लेवोनॉयड ग्लाइकोसाइड्स का बढिया स्रोत है।
- गुड़हल को हर्बल चाय, कॉकटेल या काढ़े के तौर पर लिया जा सकता है। फूलों को सुखाकर इसकी हर्बल चाय बनाई जा सकती है। पानी उबलने पर सूखे फूल डाल दीजिए और थोड़ी चीनी मिलाकर चाय तैयार हो जाएगी। कॉकटेल के लिए इसे ठंडा होने दें और बर्फ के साथ पिएं। यह सेहत के लिए गुणकारी चाय है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुंचाता है, जो हृदय रोगों का कारण बनते हैं।
- गुड़हल फूल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं। यूनानी दवाओं में गुड़हल काढ़े या चाय के तौर पर दिया जाता है। इसमें चीनी नहीं मिलाई जाती और इससे शरीर में ग्लूकोज का संतुलित स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। गुड़हल का इस्तेमाल यूनानी दवाओं में उत्तेजक के तौर पर किया जाता है। हर्बल चाय या कॉकटेल के तौर पर लेने से यह दिल और दिमाग को ठंडक देता है।
- गुर्दे या मूत्रनली में विकार से ग्रस्त लोग गुड़हल की चाय को बिना चीनी मिलाए पी सकते हैं और इससे काफी लाभ मिलता है। गुड़हल का फूल विटामिन सी का बढिया स्रोत है और इससे कफ, गले की खराश, जुकाम और सीने की जकड़न में फायदा मिलता है। गुड़हल की पत्तियां प्राकृतिक हेयर कंडिशनर का काम देती हैं और इससे बालों की मोटाई बढ़ती है। बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। बालों का झड़ना भी बंद होता है। सिर की त्वचा की अनेक कमियां इससे दूर होती हैं।
- इसकी पत्ती से बनी दवा से प्रसव संबंधी विकार, फोड़े-फुसियां और सूजन के उपचार में भी मदद मिलती है। गुड़हल का सत्व त्वचा में निखार और दमक लाता है।



# क्यों होता है टेक्नोलॉजी फोबिया

**टीवी** चैनल प्रोग्राम करने में पसीने छूटते हों या कोई नया गैजेट ट्राई करने में हिचक लगती हो तो शायद आपको टेक्नो-फोबिया है। तकनीक से लगने वाले इस अनजाने डर से निपटने के लिए समझ लीजिए कि आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। यह तो पैदा होने से पहले यानी गर्भ से ही इंसान के साथ जुड़ जाता है। गर्भ से निकलने वाले कुछ हार्मोन ये तय करते हैं कि तकनीक के प्रति बच्चे का रुझान कैसा होगा। बाथ यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि शुरुआती विकास के दौरान कम मात्रा में टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन मिलने से बच्चे में तकनीक के प्रति डर पैदा होता है, जबकि ज्यादा मात्रा में हार्मोन मिलने की वजह से वह तकनीक से प्रेम करने लगता है।



# सावधानी के साथ सीखें संगीत

**वाद्ययंत्रों** को बजाते समय सावधानी बरतने की आवशकता होती है। मुंह से बजाए जाने वाले यंत्रों में जीवित बैक्टीरिया अपना घर बना लेते हैं, जो सांस लेते समय आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए अगली बार वाद्य यंत्रों के उपयोग से पूर्व उन्हें अच्छे से साफ कर लें। स्कूल में जो बच्चे म्यूजिक सीख रहे हैं, उन्हें सावधान रहने की जरूरत है। एक शोध के बाद यह बात सामने आई है कि शहनाई, बांसुरी और सेक्सोफोन जैसे फूंककर बजाने वाले साज कई तरह की बीमारियां फैलाते हैं।

### साजों में पाए गए एक्टिव बैक्टीरिया

टफ्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोध के अनुसार स्कूल में हजारों बच्चे बिना साफ किए वाद्ययंत्रों को शेयर करते हैं और बीमारी को आमंत्रित कर लेते हैं। शोधकर्ता ने लगभग 20 साजों को अध्ययन में शामिल किया और उन्होंने पाया कि उन में जीवित बैक्टीरिया मौजूद थे।

# खाना सादा, पहनावा ढीला, सोना कुदरती

**सूरज** उगने से पहले घूमना, ठंडे पानी से नहाना, नहाने से पहले शरीर को खादी के खुरदरे तौलिए से दस मिनट तक घर्षण करना, दिनभर में पंद्रह-बीस गिलास पानी जरूर पिएं।

नाश्ते में एक गिलास दूध या दही की लस्सी या ठंडाई के साथ जौ या चने का मीठा दलिया या सत्तू लें। नीरा, नारियल पानी, गन्ना, संतरा, सलाद लें। फलों में आम, पपीता, फालसा, खिरनी, आलू बुखारा, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, रसभरी, अनार आदि का सेवन करें।

चाय, कॉफी, गर्म दूध, गर्मा-गर्म भोजन, बोतल बंद शीतल पेय का प्रयोग नहीं करें या कम से कम करें। ठंडा दूध पिएं। फ्रिज की अति शीतल चीजों का थोड़ी देर रुककर सेवन करें। घरेलू शर्बत, नींबू पानी उपयोगी हैं। सेवन न करें।

समय निकाल कर दिन में एक से दो घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। कूलर रात-दिन चालू न रखें। जब दो-तीन घंटे में कमरा ठंडा हो जाए तो बंद कर दें। पंखे की हवा में रहने की आदत डालें। हो सके तो रात को खुली हवा में छत पर सोएं और प्राकृतिक सुख का आनंद लें। गर्मियों में सोने से पूर्व भी या कम से कम



हमारे देश में गर्मियों का मौसम सबसे लंबा होता है सूरज की तीव्र किरणें वनस्पति, फल-सब्जी, मानव, पशु-पक्षी, धरती से तरलता सोख लेती है। बेशक, इस तपते और लंबे दिनों में भी मौसम की मार से बचा जा सकता है इस मौसम में पाचन-शक्ति दुर्बल हो जाती है, इसलिए भारी, गरिष्ठ व चटपटे भोजन से बचें। हल्के, सुपाच्य, तरलता प्रधान व शीतल तासीर वाला भोजन करें। अंडा, मांस, तेलयुक्त भोजन व मिर्च-मसाले से परहेज करें। धूप में घूमना, कठिन परिश्रम करना व भारी व्यायाम बिलकुल न करें। नशीली चीजों का सेवन न करें।

बील का रस, जौ की राबड़ी व ताजी गाढ़ी छाछ भी नाश्ते के लिए अच्छी रहेगी।

दोपहर के भोजन में पुराने लाल या भूरे चावलों से बना भात, पतली दाल, कढ़ी, थोड़ी शक्कर मिला दही, चपाती व भोजन के अंत में छाछ लेना चाहिए। दिन में रोस्टेड जौ, चावल, चना, मूंग, रसीले फल व फलों का ताजा रस ले सकते हैं। रात का खाना शाम सात बजे तक कर लें। इस समय रोटी, दाल, लौकी, परवल, टिंडा, हरे प्याज, पुदीने या धनिए की चटनी व सूती, लिनन, खादी और विस्कस के कपड़े पहनें, हल्के रंग के व ढीले-ढाले कपड़े पहनें। गर्मियों में सिर ढंककर बाहर निकलें। तेज धूप में दोपहिया वाहनों से लंबी दूरी तय न करें। इन दिनों लू से बचने के लिए जरूरी है कि भूखे पेट बाहर न जाएं। खूब पानी पिएं और सिर व कंधों पर तौलिया ढंककर रखें। कटे फल, सब्जी और अशुद्ध पानी से बनी बर्फ सेवन न करें। शुद्ध पानी से जमा बर्फ का सेवन करें। ठेलों पर बिकने वाली आइसक्रीम, कुल्फी व शर्बत का

शाम को काम से घर वापस आकर स्नान करें। गर्मियों में पांवों में मोजे नहीं पहनें। संभव हो तो चमड़े की चप्पलें, मोजड़ी, व सैंडल पहनें। घर में कुर्ता-पजामा या सलवार सूट पहनना स्वास्थ्यवर्धक है। दिन में कई बार ठंडे पानी से कुल्ले करें व आंखों पर पानी के छींटे दें।



# नाक करेगी कैंसर टेस्ट

## अब नाक की कोशिकाओं से फेफड़े के कैंसर की जांच की जाएगी। अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इस तकनीक पर सफलता हासिल की है।

अमेरिका के शोधकर्ताओं ने फेफड़े के कैंसर का पता लगाने की एक नई तकनीक विकसित करने का दावा किया है। उनका कहना है कि मरीज की नाक के सेल्स का इस्तेमाल कर फेफड़े के कैंसर का पता लगाया जा सकता है। इस तकनीक से कैंसर की जांच कराने वाले मरीज को तकलीफ भी न के बराबर होगी। बॉस्टन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि नाक के अंदर मौजूद एपिथेलियल नामक कोशिकाओं की जांच से लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक नाक में मौजूद इन सेल्स की इस आसान तकनीक से जांच कर काफी शुरुआती स्टेज में ही लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। काफी शुरुआती स्टेज में बीमारी का पता लग जाने पर उसका इलाज भी किया जा सकता है।

# अधिक अभ्यास से मांसपेशियों में थकान

**जी हां, अगर आप अपने स्कूल या स्टेडियम में चैंपियन बनना चाहते हैं तो पहले से अभ्यास करते रहिए और प्रदर्शन से पूर्व वाले अभ्यास से बचें, क्योंकि यह अभ्यास आपकेफाइनल प्रदर्शन पर नकारात्मक हो सकता है। ज्यादा अभ्यास करने से आपकी मांसपेशियां पहले से ही क्षतिग्रस्त होने के साथ ही साथ थक जाती हैं। इस स्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन नहीं दे पाते हैं। आशा है आप भविष्य में इस शोध से लाभ उठा पाएं और देश को ऊपर ले जाएं।**

### स्पोर्टी हेल्थ

बहुत से प्रशिक्षक तथा फिजियो खेल के मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों को लंबे समय तक अभ्यास करने की सलाह देते हैं, लेकिन एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि इसके परिणाम उल्टे हो सकते हैं, क्योंकि इससे मांसपेशियों में थकान बढ़ जाती है। वे क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा मसल्स में आक्सीजन डेफ्ट भी होने की संभावना बनी रहती है।

### यहां रहें सावधान

यह अध्ययन स्पेन में यूनीवर्सिटी ऑफ कालगरी के शोधकर्ता इलियास टोमारस ने किया है। उनका कहना है कि एक धावक को दौड़ से पहले अभ्यास करता देख, उन्हें इस अध्ययन का ख्याल आया। टोमारस कहते हैं कि धावक, स्केटिंग करने वाले या साइकिल चलाने वाले रेस से पहले एक से दो घंटे तक अभ्यास करते हैं। एक फिजियो की दृष्टि से देखा जाए तो मालूम होता है कि यह थकाने वाला होता है। अध्ययन में कहा गया है कि बहुत कम ऐसे एथलीट होते हैं, जो अभ्यास की तीव्रता और समय में कमी करने को तैयार होते हैं।

### यूं हुआ अध्ययन

अध्ययन के दौरान एक वर्ग में साइकिल रेस में उच्च प्रदर्शन करने वाले चालकों को शामिल किया गया, जो सामान्य तौर पर कई दौर के मुकाबले से पहले 50 मिनट तक तीव्रता बढ़ाते हुए अभ्यास करते हैं, जबकि दूसरे वर्ग में एक दौर के मुकाबले से पहले 15 मिनट तक कम तीव्रता के साथ अभ्यास करने वाले चालकों को शामिल किया गया। अध्ययन के दौरान प्रत्येक अभ्यास के बाद खिलाड़ी के प्रदर्शन और थकान को मापने के लिए कई तरह के परीक्षण किए गए। इसके बाद टोमारस ने पाया कि कम अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों में थकान कम होती है और रेस के महत्वपूर्ण क्षणों में उनका प्रदर्शन 6.2 फीसदी तक बढ़ जाता है, जो एक खिलाड़ी को महान बनाने के लिए पर्याप्त है।



# कई बीमारियों का इलाज वसा



**अब** वसा रोगों का शमन करने के लिए भी प्रयोग की जाएगी। वसा से कई बड़े रोग जैसे मधुमेह और दिल की बीमारियों के इलाज संभव हो सकेंगे। मधुमेह, एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों में अब दवाओं के साथ-साथ मरीज के ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा भी उपचार का माध्यम बनेगी। टेक्सास बायोमेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट के शोधकर्ताओं ने अपने एक नए अध्ययन में पता लगाया है कि ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा की अनेक किस्म इन बीमारियों की पहचान में असरदार हैं।

### असरदार 128 किस्म की वसा

यूरोपियन सोसाइटी ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स के वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि मधुमेह रोगियों में ब्लड ग्लूकोज और इंसुलिन के स्तर बताने में वसा एक बेहतर सूचक साबित होगी। प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर जॉन क्यूरेन ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 1,100 लोगों की वसा की 356 किस्मों का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद इन किस्मों में से 128 विभिन्न किस्म की वसा ऐसी पाई गई, जो मधुमेह को रोकने में असरदार हैं।

### दिल के उपचार में मददगार

वसा की लाभप्रद किस्मों में से डाई-हाइड्रोकेरामाइड नामक वसा सबसे ज्यादा प्रभावी पाई गई। यह मधुमेह रोगों में ब्लडशुगर स्तर को नियंत्रित रखती है। डॉक्टर क्यूरेन के मुताबिक वसा की इन किस्मों की जांच से मधुमेह के साथ-साथ एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार में मदद मिलेगी।

# बांग्लादेश हिंसा में अब तक 32 की मौत

## प्रदर्शनकारियों ने सरकारी टीवी मुख्यालय को लगाई आग

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ जारी हिंसा जारी है और अब तक इस हिंसा में 32 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ढाका स्थित सरकारी टीवी मुख्यालय को आग लगा दी और मुख्यालय में खड़ी कई गाड़ियों को भी तबाह कर दिया। दरअसल एक दिन पहले यानी बुधवार को ही बांग्लादेश के सरकारी टीवी बीटीवी ने प्रधानमंत्री शेख हसीना का इंटरव्यू लिया था। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारी आरक्षण को खत्म करने की मांग पर अड़े हैं। शेख हसीना सरकार ने हिंसा को देखते हुए देश के सभी स्कूलों और विश्वविद्यालयों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही हालात को काबू करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया है।



**क्या है बांग्लादेश हिंसा की वजह** बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है। इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। इस तरह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण था। साल 2018 में बांग्लादेश के युवाओं ने इस आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई महीने तक चले प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सरकार ने आरक्षण खत्म करने का एलान किया।

बीते महीने 5 जून को बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने देश में फिर से आरक्षण की पुरानी व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया। शेख हसीना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील भी की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को बरकरार रखा। इससे छात्र नाराज हो गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ ये विरोध प्रदर्शन अब बढ़ते-बढ़ते हिंसा में तब्दील हो गया है।

**शेख हसीना के इंटरव्यू के प्रसारण के बाद भड़की हिंसा** बुधवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी टीवी बीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में लोगों से कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की और साथ ही प्रदर्शनकारियों की मौतों पर भी दुख जताया। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनकारियों की मौतों की न्यायिक जांच कराने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद बांग्लादेश में हिंसा जारी है और गुरुवार को हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए रबर की गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले दागे, लेकिन इसने प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का दिया। गुरुवार की ही हिंसा में 25 के करीब प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में अधिकतर पुलिस की गोली का शिकार हुए हैं।

हिंसा ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत देश के कई शहरों को चपेट में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरक्षण के चलते सिविल सेवाओं में उन लोगों के बच्चों का ज्यादा चयन होता है, जिन्होंने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था। ये वर्ग आमतौर पर शेख हसीना सरकार का समर्थक माना जाता है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इसी वजह से नौकरशाही में उन लोगों की अधिकता है, जो शेख हसीना सरकार के समर्थक हैं और इस तरह देश के अधिकतर संस्थानों पर सरकार समर्थक लोगों का कब्जा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जेंटीना सीमा के पास उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में बृहस्पतिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था। चिली प्रशांत महासागर में तथाकथित 'रिंग ऑफ फायर में स्थित है और यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इस क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेट एक-दूसरे को धक्का देती हैं, जिससे अचानक ऊर्जा निकलती है और इसी के परिणामस्वरूप भूकंप आते हैं। 'रिंग ऑफ फायर में दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी भी हैं। चिली में 2010 में आये 8.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी ने 526 लोगों की जान ले ली थी।

### उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

**ब्रूसेल्स , एजेंसी।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने बृहस्पतिवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था। पिछले पांच साल में वॉन डेर लेयेन ने कई संकटों से निपटने में यूरोपीय संघ का नेतृत्व किया है, जिनमें ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से बाहर निकलना, कोविड-19 महामारी और रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला शामिल हैं।

### पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़, सड़कों पर आगजनी... ब्रिटेन के लीड्स में दंगे

**लीड्स, एजेंसी।** ब्रिटेन के लीड्स में दंगे होने की बात सामने आई है। बीती रात लीड्स शहर में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और कई गाड़ियों और बसों में आग लगा दी। दंगों के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। दंगाइयों ने पुलिस की गाड़ियों तक पर हमला बोल दिया, कई के शीशे फोड़े तो कई गाड़ियों को ही पलट दिया। हेयरहिल्स क्षेत्र में ये दंगाई मास्क पहने घूम रहे थे। स्काई न्यूज के अनुसार, दंगों का कारण चाइल्ड केयर एजेंसी द्वारा स्थानीय बच्चों को लेकर जाना रहा। एक रेस्तरां मालिक के अनुसार, स्थानीय बच्चों को ले जाने का लोगों ने विरोध किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में लक्सर रोड पर एजेंसी के कर्मी और बच्चे दिखे, जिसके बाद उपद्रव हुआ।

### न्यूयॉर्क मैगजीन के कवर पेज पर अंडरवियर में दिखे बाइडन-ट्रंप

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** न्यूयॉर्क मैगजीन के नए हेल्थ संस्करण के कवर पेज पर अमेरिका के वर्तमान राष्ट्पति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर छपी है। इस संस्करण में बाइडन और ट्रंप की शॉर्ट्स (हॉफ पैंट) पहने एक फोटोशॉप की गई तस्वीर छपी है, जिसे लेकर न्यूयॉर्क मैगजीन को आलोचना झेलनी पड़ रही है। मैगजीन में इस तस्वीर में दोनों राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की हेल्थ को लेकर तुलना की गई है। लोगों ने इसको अनुचित और अनैतिक बताया है। हालांकि, पत्रिका ने अपने कवर का बचाव करते हुए तर्क दिया है कि यह बाइडन और ट्रंप की उम्र और उनके हेल्थ को लेकर एक बयान भर था, जिसको जनता जानने में रुचि रख रही है।

## शातिराना अंदाज में पड़ोसी के घर से बिजली चोरी कर रहा था अपराधी



**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में बिजली चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के घर से इतनी बिजली चुराई की उसकी बेटी को परिवार चलाने के लिए मजबूरन काम करना पड़ा। ब्रिटिश न्यूज चैनल बीबीसी के अनुसार, कोर्ट ने इलेक्ट्रीशियन, लेस्ली पिरी को अपने पड़ोसी को 4,000 पाउंड (433138 रुपये) चुकाने के लिए कहा। ब्रिटेन के टायपोर्ट शहर में रहने वाले लेस्ली पिरी ने बिजली चोरी करने के लिए एक डिवाइस तैयार किया, जिसे उसने घर में मौजूद एक पिक्चर फ्रेम के पीछे छिपा दिया।

51 वर्षीय पिरी ने कोर्ट के सामने इस बात को स्वीकार किया कि उसने जुलाई 2017 से लेकर अगस्त 2020 तक पड़ोसियों के घर से बिजली चुराई है। लेस्ली पिरी ने अपने घर में लगे बिजली मीटर को पड़ोसी ह्यूग और ट्रेसी टॉरेंस के घर में लगे बिजली मीटर से जोड़ दिया था। जांचकर्ताओं ने पाया कि एक परिवार अनजाने में अपने पड़ोसी और खुद के बिजली बिल का भुगतान कर रहा था। पिरी की बिजली चोरी के कारण पड़ोसियों को 4,000 पाउंड का नुकसान हुआ है।

## ट्रम्प बोले-मुझे भगवान ने बचाया

### कन्वेंशन स्पीच में अवैध प्रवासियों को एलियन बताया, कहा- वे आपको खा जाएंगे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 13 जुलाई को हुए जानलेवा हमले के बाद आज यानी शुक्रवार को पहली बार भाषण दिया। ट्रम्प ने विस्कॉन्सिन राज्य में हो रहे पार्टी कन्वेंशन में अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए नॉमिनेशन स्वीकार कर लिया।


ट्रम्प के भाषण के दौरान उनकी पत्नी मेलेनिया समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। पूर्व राष्ट्रपति का पार्टी कन्वेंशन में यह सबसे बड़ा भाषण था। ट्रम्प ने 92 मिनट तक स्पीच दी। इस दौरान वे अवैध प्रवासियों पर हमलावर रहे। ट्रम्प ने उनकी तुलना एलियन्स से की। ट्रम्प ने कहा, अमेरिका में नौकरियां किसे मिल रही हैं, अमेरिका की 107प्रतिशत नौकरियां गैर कानूनी एलियन्स हड़प रहे हैं। ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों की तुलना फिल्मी दुनिया के मॉन्सटर्स से करते हुए कहा कि वे आपको खा जाएंगे। बता दें कि जिस वक्त ट्रम्प पर हमला हुआ था वे तब भी गैरकानूनी प्रवासियों के खिलाफ बोल रहे थे। ट्रम्प ने अपने भाषण में हमले का एक्सपीरियंस अपने समर्थकों के साथ शेयर किया। ट्रम्प ने कहा, मैं दोबारा कभी उस बारे में बात नहीं कर पाऊंगा। मैं आज आप लोगों के बीच हूं क्योंकि उस दिन भगवान मेरे साथ थे। ट्रम्प ने कहा, मेरा हाथ खून से सन गया था। लेकिन गोलीबारी के बीच भी मैं शांत रहा। मेरे समर्थक वहां से भागे नहीं। वे मेरे साथ खड़े रहे। सीक्रेट सर्विस की टीम ने भी बेहतरीन काम किया। ट्रम्प ने अपने भाषण में सिर्फ एक बार बाइडेन का नाम लिया। फिर कहा मैं उनका जिक्र फिर नहीं करूंगा। डब्ल्यूडब्ल्यूई के हॉल ऑफ फेम में शामिल रेसलर हल्क होगन ने रिपब्लिक कन्वेंशन में भाषण देते हुए कहा, ट्रम्प सबसे बड़े देशभक्त हैं। जब वे व्हाइट हाउस में लौटेंगे तब अमेरिका फिर से जीतने लगेगा। भाषण के बीच हल्क ने अपनी शर्ट फाड़ दी। होगन ने शर्ट के अंदर लाल रंग एक कट-ऑफ टैंक पहनी हुई थी।

## विदेशी छात्रों को बड़ा झटका देने की तैयारी में कनाडा,आव्रजन मंत्री बोले- आओ, शिक्षा लो और वापस जाओ

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा एक बार फिर विदेशी छात्रों को झटका देने की तैयारी कर रहा है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने एक फ़ोन साक्षात्कार में कहा कि कनाडा इस बात की समीक्षा कर रहा है कि वह विदेशी छात्रों को कितने लंबे समय तक वीज़ा दे सकता है। संघीय और प्रांतीय अधिकारी इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि श्रम बाजार की मांग को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ कैसे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हालाँकि कनाडा ने कई वर्षों से शिक्षित, कामकाजी उम्र के अप्रवासियों को लाने के लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का उपयोग किया है, लेकिन अध्ययन वीज़ा का मतलब भविष्य में निवास या नागरिकता की गारंटी नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह कभी वादा नहीं होना चाहिए। लोगों को यहाँ आकर खुद को शिक्षित करना चाहिए और शायद घर जाकर उन कौशलों को अपने देश में वापस जाना चाहिए। बता दें कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को जीवन की बढ़ती लागत, दुर्लभ आवास के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा और उच्च बेरोज़गारी को लेकर बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस साल की शुरुआत में कनाडा ने अपने द्वारा जारी किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीज़ा की संख्या पर एक नई सीमा लगाई थी। यह इस साल 300,000 से कम नए छात्र परमिट का अनुमान लगा रहा है।





## डोनाल्ड ट्रंप को मजबूत देख डरे जेलेंस्की, बोले- जीत गए तो उनके साथ मुश्किल होगी

**कीव, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ ही हफ्तों का समय है। एक तरफ जहां मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन पर राष्ट्रपति पद के रेस से बाहर होने का दबाव बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्थिति भी मजबूत होती जा रही है। इस सब के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ट्रंप के जीत की संभावनाओं को बढ़ता देख कर घबरा गए हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि ट्रंप अगर अमेरिका के राष्ट्रपति बनते हैं। तो उनके साथ काम करना बहुत मुश्किल होने वाला है। गुरुवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जेलेंस्की ने स्वीकार किया कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत यूक्रेन के लिए ठीक नहीं है। हालांकि जेलेंस्की ने कहा है कि वह और यूक्रेन के लोग इसके लिए तैयार हैं।


ट्रंप ने अपने साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सीनेटर जे.डी. वेंस को चुनकर यह बात साफ कर दी है कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो रूस के साथ 28 महीने से चल रहे जंग में उलझे यूक्रेन पर अमेरिका का रुख बदल भी सकता है।

## कमला हैरिस अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से प्रेरित, वेंस के खिलाफ टिप्पणी पर तुलसी गबार्ड ने साधा निशाना

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी कांग्रेस की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर निशाना साधा। गबार्ड ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथी जेडी वेंस के खिलाफ टिप्पणी को लेकर उपराष्ट्रपति की आलोचना की। गबार्ड ने कहा कि हैरिस अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से प्रेरित हैं, उन्हें उपराष्ट्रपति के पद पर नहीं रहना चाहिए।

बता दें कि ट्रंप ने जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याशी चुना है, जिसके बाद कमला हैरिस ने वेंस पर टिप्पणी की। कमला ने अमेरिकियों को चेतावनी दी थी कि वेंस केवल ट्रंप के प्रति वफादार रहेंगे, अमेरिका के प्रति नहीं।

गबार्ड ने हैरिस को अतीत की याद दिलाई और कहा कि जेडी वेंस ने 9/11 के हमलों के बाद खुद को मरीन कॉर्प्स में भर्ती कराया। 2005 में उन्हें इराक में तैनात किया गया। उन्होंने पूछा, क्या कमला हैरिस किसी भी समय हमारे देश की सेवा में अपनी जान की बाजी लगाने को तैयार थीं। हवाई की पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान कमला हैरिस के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने बुधवार को कहा था कि जेडी वेंस डोनाल्ड ट्रंप और उनके चरम एजेंडे के लिए



रबर स्टैंप के रूप में काम करेंगे।

बुधवार को जारी एक वीडियो में, हैरिस ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने नए साथी जेडी वेंस को चुना है। ट्रंप किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे, जिसे वह जानते थे कि वह उनके चरम एजेंडे के लिए रबर स्टांप होगा। उन्होंने आगे कहा, कोई गलती न करें, जेडी वेंस केवल ट्रंप के प्रति वफादार होंगे, हमारे देश के प्रति नहीं।

एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हैरिस ने कहा, यदि वेंस निर्वाचित होते हैं तो वह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए चरम परियोजना 2025 को लागू करने में मदद करेंगे, जो हेड स्टार्ट और मेडिकेयर जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को लक्षित करेगा।

## राष्ट्रपति जो बाइडन को कोविड-19 के कारण सांस से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है- व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तीसरी बार कोविड पॉजिटिव पाए गए। बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर व्हाइट हाउस ने बताया कि उन्हें कोविड-19 के कारण सांस से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें लगातार पैक्स्लोविड दिया जा रहा है। राष्ट्रपति बाइडन के चिकित्सक डॉ. केविन ओकोनोर ने बताया कि उन्हें (बाइडन) को बुखार नहीं है और कोविड-19 के लक्षण सामान्य है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान पर डॉ. केविन ने कहा, कोविड-19 के कारण राष्ट्रपति को सांस से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें लगातार पैक्स्लोविड दिया जा रहा है। उन्हें बुखार नहीं है। वह अपना काम करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रपति की अनुमति के अनुसार, मैं आपको उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी साझा करता रहूंगा। जैसा कि हमने पहले भी किया है।

लास वेगस में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हुए कोविड-19 पॉजिटिव

बता दें कि 81 वर्षीय बाइडन लास वेगास में एनएएसीपी नेशनल कंवेंशन में शामिल होने के बाद बुधवार को कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। लास वेगास में हुए इस सम्मेलन में उन्होंने ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की थी। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका में गोलीबारी की बढ़ती घटनाओं की भी निंदा की।

व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, वह (बाइडन) डेलावेयर लौट आएंगे। यहां वे खुद को सेल्फ आइसोलेट करेंगे और यहीं से अपना काम जारी रखेंगे। राष्ट्रपति बाइडन वैक्सीन और बुस्टर शॉट ले चुके हैं। लास वेगास से लौटते समय उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि वह ठीक है और एयरफोर्स के विमान में चढ़ने के दौरान उन्हें बिना मास्क के देखा गया था।

तीन बार हो चुके हैं कोविड पॉजिटिव

कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद राष्ट्रपति बाइडन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, दोपहर को मैं कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। मैं ठीख महसूस कर रहा हूं। शुभकामनाओं के लिए सभी का धन्यवाद। जुलाई 2022 में जो बाइडन पहली बार कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद भी वह एक बार और कोविड संक्रमित हुए थे। इस दौरान उन्हें आइसोलेशन में रखा गया था।

# भ्रष्टाचार मामले में चीन ने अपने शीर्ष मंत्रियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपने सबसे बड़े शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय की बैठक के दौरान अपने पूर्व विदेश और रक्षा मंत्रियों, किन गैंग और ली शांगफू को अपनी केंद्रीय समिति से हटा दिया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि पिछले साल दोनों अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया गया था। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी लंबे समय से विलंबित तीसरी पूर्ण बैठक समाप्त कर दी।205 सदस्यीय केंद्रीय समिति की बैठक लगभग हर पांच साल में एक बार आयोजित की जाती है ताकि देश की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक नीतियों की सामान्य दिशा तय की जा सके। ऐसी बैठकों में केंद्रीय समिति के सदस्यों को हटाने की भी मंजूरी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार है।



पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग और पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को सीसीपी में प्रमुख पदों से हटाया गया

ली शांगफू पर भारी रिश्वत लेने और राजनीतिक जिम्मेदारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया था, जिससे पार्टी और राष्ट्रीय रक्षा को काफी नुकसान पहुंचा।किन गैंग, जिन्हें केवल सात महीने बाद ही बदल दिया गया था, सार्वजनिक रूप से नज़र नहीं आ रहे हैं, जिससे आंतरिक सत्ता संघर्ष के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं।यह कदम राष्ट्रपति शी जिनपिंग के व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत कई उच्च पदस्थ अधिकारियों को हटाया गया है। कम्युनिस्ट पार्टी ने बृहस्पतिवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय बृहस्पतिवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। किन (58) चीन के सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे, जिसके बाद सरकार में उनके शेष पद भी छीन लिए गए। उन्हें पद से हटाए जाने के कारणों के बारे में अब भी कोई जानकारी नहीं है। उनके पते-ठिकाने की भी जानकारी नहीं है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए हालांकि केंद्रीय समिति ने अब भी किन को कॉमरेड (साथी) कहा है। इसके बाद किन का स्थान उनके पूर्ववर्ती वांग यी ने ले लिया जो पार्टी के उच्चस्तरीय पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं। तीसरे पूर्ण अधिवेशन में जनरल ली शांगफू और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दो अन्य वरिष्ठ जनरलों ली यूचाओ और सन जिनमिंग को पार्टी से निष्कासित करने के पोलित ब्यूरो के पहले के फैसले की भी पुष्टि की गई। रक्षा मंत्री बनने से पहले देश के रॉकेट (मिसाइल) बल का नेतृत्व करने वाले ली शांगफू पर कथित भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा था। ली यूचाओ, जो रॉकेट फोर्स का भी हिस्सा थे, को ली शानफू के साथ बर्खास्त कर दिया गया। बैठक में पीएलए के एक अन्य शीर्ष अधिकारी जनरल सुन जिनमिंग को भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के लिए पार्टी से निकाले जाने के निर्णय का भी समर्थन किया गया।

# सांई सेवा समिति ने मनाया 30 वां सांई जन्मोत्सव मनाए, भुतेश्वरनाथ में भी रही भक्तों की भीड़

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सांई सेवा समिति ने सांई मंदिर में 30 वाँ सांई जन्मोत्सव मनाया गया।प्रतिवर्ष गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में स्थित सांई मंदिर में सांई सेवा समिति द्वारा सांई जन्मोत्सव मनाया जाता है।समिति के सदस्यों ने विधि विधान एवं मंत्रोपचार के साथ सांईबाबा का अभिषेक के साथ विधिवत पूजन किया।सांई जन्मोत्सव पर समिति द्वारा हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।गुरू पूर्णिमा को लेकर विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ धाम के साथ सभी मंदिर देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखलाई दिया,वही आज गुरु पूर्णिमा और श्रावण मास का प्रथम दिन होने के चलते श्रद्धालु मंदिर तक दर्शन करने पहुचे।रविवार शाम से श्रवण पक्ष का प्रारंभ हो गया है,हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक इस माह में शिव की पूजा पाठ का विशेष महत्व रहता है,इस महीने में भगवान शिव की पूजा श्रद्धालु अलग-अलग ढंग से करते हैं।गरियाबंद जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर



स्थापित भगवान भुतेश्वरनाथ में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लोगो की आस्था जुड़ी हुई है,और पूरे सावन भर के महीने में हजारों दर्शनार्थी दर्शन करने आते है वही हजारों की सख्या में श्रद्धालु कावड़ में पानी लेकर सैकड़ो किलोमीटर से पैदल चलकर वहां पानी चढ़ा कर दर्शन कर अपनी मुराद पूरी करते है।वही लोगो की सुविधा को देखते हुए सुबह से ही पुलिस बल भुतेश्वरनाथ स्थल में लगाया जाएगा।गरियाबंद जिले की बात की जाए तो वैसे तो यहां के सभी शिवालयों में हर साल भक्तों की भारी भीड़ रहती है,लेकिन यदि जिले के दो प्रमुख मंदिरों कुलेश्वरनाथ और भूतेश्वर नाथ मंदिर की बात की जाए तो दोनों ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।मुख्यालय में स्थित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ शिवलिंग में गुरु पूर्णिमा की लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगने लगी जो पूरा दिन जारी रहा और देर शाम तक लोग दर्शन करने भूतेश्वर धाम पहुचे। इस मौके पर साईं समिति के गोविंद गुप्ता, अध्यक्ष टी रामचंद्रन, एनके वर्मा, मुकेश मिश्रा, राजू वागडे, राधेश्याम सोनवानी, भूपेंद्र कुमार सोनी मुकेश साहू, महेंद्र राजपूत, जीतू सेन दरस राम सोनी पंडित होरीलाल शर्मा महेश्वर दुबे बीरेंद्र पात्र उपस्थित थे।

## खबर-खास

# सावन के प्रथम सोमवार को भूतेश्वर धाम में लगेगा भक्तों का विशाल कतार



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** श्रवण मास के प्रथम सोमवार को सुबह से ही भक्त और कावरियों की टोली विश्व प्रसिद्ध विशाल शिव लिंग धाम भूतेश्वरनाथ गरियाबंद पहुच कर पूजा अर्चना मनोकामना की प्राप्ति जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगेगी।गरियाबन्द नगर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम मरोदा के भुतेश्वरनाथ धाम में दूर दूर भक्त पहुचते है कुछ भक्तों ने भगवान शिव का वेश धारण में दिखेंगे।इस धाम में मनोरंजन के मेला लगा हुआ है जिसमे भक्त खरीदारी भी करते है।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बंदोबस्त भी मौजूद रहती है,सावन सोमवार के प्रथम सोमवार को हर हर महादेव के जयकारे से पूरा धाम गूंज उठेगा।

**भूतेश्वर धाम की महिमा,,,,,**पूरे विश्व का सबसे बड़ा एकमात्र प्राकृतिक शिवलिंग है भूतेश्वरनाथ।गरियाबंद जिले के मरौदा गांव में घने जंगलों बीच,यह शिवलिंग प्राकर्तिक रूप से प्रकट हुआ है।हरी-भरी प्राकृतिक वादियों के बीच जिला मुख्यालय गरियाबंद से महज 3 किलोमीटर दूर अद्भुत अकल्पनीय सा दिखता यह शिवलिंग पूरे छत्तीसगढ़ के शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बन गया है दूर-दूर से यहां भक्त जल लेकर भगवान शिव अर्पित करने पहुंचे हैं भोले बाबा भी उनकी मन मांगी मुराद जरूर पूरी करते हैं यही कारण है कि बीते 8 -10 सालों में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में कई गुना बढ़ गई है।

**पूरे विश्व का सबसे बड़ा एकमात्र प्राकृतिक शिवलिंग ,,**ये शिवलिंग भूतेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध है. यह पूरे विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा ऐसा शिवलिंग है जो प्राकर्तिक तरीके से प्रकट हुआ है.इस शिवलिंग की लम्बाई अपने आप बढ़ती जा रही है.यह जमीन से लगभग 18 फीट उंचा एवं 20 फीट गोलाकार है।प्रतिवर्ष इसकी उचांई नापी जाती है जो लगातार 6 से 8 इंच बढ़ रही है।


**,,महाशिवरात्रि में लगता है यहां मेला ,,**घने जंगलों के बीच स्थित होने के बावजूद यहां पर सावन में कावडियों का हुजूम उमड़ता है। इसके अलावा शिवरात्री पर भी यहां विशाल मेला लगता है।

**,,पौराणिक कथा** ,,इस शिवलिंग के बारे में बताया जाता है कि आज से सैकड़ो वर्ष पूर्व जमींदारी प्रथा के समय पारागांव निवासी शोभासिंह जमींदार की यहां पर खेती- बाडी थी।शोभा सिंह शाम को जब अपने खेत मे घुमने जाता था तो उसे खेत के पास एक विशेष आकृति नुमा टीले से सांड के हुंकारने (चिल्लानें) एवं शेर के दहाडनें की आवाज आती थी।अनेक बार इस आवाज को सुनने के बाद शोभासिंह ने उक्त बात ग्रामवासियों को बताई। ग्राम वासियों ने भी शाम को उक्त आवाजे अनेक बार सुनी।तथा आवाज करने वाले सांड अथवा शेर की आसपास खोज की। परतु दूर दूर तक किसी जानवर के नहीं मिलने पर इस टीले के प्रति लोगो की श्रद्वा बढने लगी। और लोग इस टीले को शिवलिंग के रूप में मानने लगे। इस बारे में पारा गावं के लोग बताते है कि पहले यह टीला छोटे रूप में था।धीरे धीरे इसकी उचाई एवं गोलाई बढती गई। जो आज भी जारी है। इस शिवलिंग में प्रकृति प्रदत जललहरी भी दिखाई देती है। जो धीरे- धीरे जमीन के उपर आती जा रही है।

# भारत में तेजी से बढ़ रही है फोल्डेबल स्मार्टफोन की मांग : सैमसंग के मोबाइल बिजनेस हेड टीएम रोह

**गुरुग्राम।** भारत दुनिया के सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजारों में से एक है और सैमसंग के लिए एक महत्व-पूर्ण बाजार बना हुआ है। यह कहना है दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के एक सीनियर एक्जीवक्यूनटिव का। भारत में बिकने वाले लगभग 80 प्रतिशत स्मार्टफोन की कीमत 30,000 रुपये से कम है, लेकिन अब पहले से ज्यादा उपभोक्ता प्रीमियम स्मार्टफोन खरीद रहे हैं, जिससे फोल्डेबल जैसे खास प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और हेड टीएम रोह ने कहा, भारतीय बाजार उन बाजारों में से एक है जहां फोल्डेबल फोन्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसमें सबसे ज्यादा खास गैलेक्सी फोल्डेबल्स हैं। हमें उम्मीद है कि इस साल बाजार में मांग बढ़ेगी और भारतीय ग्राहक गैलेक्सी एआई के साथ नए गैलेक्सी Z फ्लिप6 और गैलेक्सी Z फोल्ड6 को अपनाएंगे जिन्हें फोल्डेबल स्मोर्टफोन पसंद करने वालों के लिए बनाया गया है। सैमसंग के हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 फोल्डेबल स्मार्टफोन ने भारत में शानदार शुरुआत की है और मात्र 24 घंटों में ही पिछली जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन की तुलना में इनकी 40 प्रतिशत ज्यादा प्री-बुकिंग हो चुकी हैं।

# मूलभूत सुविधाओं से दूर ग्राम कुम्हर मरा, बिजली पानी के लिए तरसते लोग



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** गर्मी के प्रारंभ होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा हर सप्ताह के समय सीमा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को पेय जल सुविधा देने का निर्देश दिया जाता रहा है,साथ ही इन कार्यों में लापरवाही नही करने का निर्देश भी जिला प्रशासन द्वारा दिया गया है।लेकिन जिले का एक ऐसा ग्राम है जहा पीने की पानी के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है।ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के छुरा ब्लाक के ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम कुम्हर मरा के ग्रामीणों ने लिखित में शिकायत बताते हुए कहा की ग्राम में पीने के शुद्ध पानी ग्रामीणों को देने के लिए महीनो पहले पानी टंकी के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है,लेकिन पूरा गर्मी का मौसम बीत गया और बरसात भी आधा गुजर गया तब भी पानी टंकी का कार्य पूरा नहीं हो पाया और न ही लोगो को नल जल की सुविधा ही मिल पाया है।वही ग्राम के अधिकांश हैंड पंप खराब पड़ा है जिसके चलते लोगो को पीने की पानी के लिए परेशान होना पड़ता रहा है,इस पानी की समस्या के चलते रविवार को ग्राम कुम्हर मरा के ग्रामीणों ने पीने की पानी और दैनिक उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए पंचायत सचिव और जनप्रतिनिधियों से मांग किया,उनके मांग के अनुरूप पानी टैंकर भेजने का आश्वासन तो पंचायत दिया गया लेकिन शाम तक पानी टैंकर नही भेजे,जिससे मजबूरन ग्रामीणों के द्वारा बरसात की पानी को इकठ्ठा कर दैनिक उपयोग के लिए पानी तो ले लिए लेकिन पीने और खाना बनाने की पानी के लिए ग्रामीण तरसते दिखे। साथ ही बरसात के मौसम में गाली का मार्ग कच्ची होने से सभी तरफ कीचड़ और दलदल व्याप्त है,सीसी रोड बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिया है।एक तरफ सीसी रोड नही दूसरी तरफ बरसात के चलते कीचड़ और दलदल है साथ ही बिजली के खंभे तो है लेकिन ज्यादातर खंभे के बिजली खराब हो गया है जिससे लोगो को रात के समय और ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जबकि जनप्रतिनिधि व प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को हर संभव सुविधा देने के लिए पंचायत स्तर पर विकास कार्य मांग,मनरेगा का कार्य और अन्य तरह से राशि आबंटित किया जाता है।वही बरसात के प्रारंभ में ही जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग द्वारा ग्राम में स्वच्छता बनाने गंदगी न रखने के हर संभव प्रयास कर लोगो में जागरूकता लाने अपील किया जाता है।लेकिन ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम कुम्हर मरा जहा हर गली मोहल्ले और चौक चौराहों में गंदगी और कीचड़ व्याप्त है जिसमे रहने ग्रामीण मजबूर है।

# भाजपा नेता देवेंद्र ठाकुर ने किया राजस्व मंत्री से मुलाकात



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** भाजपा नेता देवेंद्र सिंह ठाकुर ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से उनके राजधानी स्थित निवास पर मुलाकात कर जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया में केंद्र सरकार की ओर से डेवलप एन.जी.डी.आर.एस सिस्टम लागू करने पर छ.ग. सराकर के इस फैसले पर सरहना व्यक्त करते हुए बधाई दिया।गरियाबंद जिले में राजस्व प्रकरण संबंधित समस्याओ की जानकारी देते हुए मंत्री से विस्तृत चर्चा किया !श्री ठाकुर ने राजस्व मंत्री से मांग किया कि मैनपुर विकासखंड मुख्यालय में रजिस्टार ऑफिस की स्थापना किया जाए जिससे 74 ग्राम पंचायत के हजारों जनता कों सुविधा मिलेगा।साथ ही देवभोग में तहसील भवन निर्माण विलंब के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मैनपुर देवभोग विकासखंड में पटवारीओ की कमी के साथ तहसील व एसडीएम कार्यालय में स्टाफ की कमी पर पोस्टिंग करने का आग्रह किया।जिस पर राजस्व मंत्री ने उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया है


## Name change

It is informed to the General public that I Narendra Kumar Sarwa, s/o Kishori Lal Sarwa, resident of house no. 151/34, Street No. 11, Near Church, Opposite Mohit Traders, Ward No. 43 Adarsh ??Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001 have changed my old name Narendra Kumar Sarwa S/O KISHORI Lal Sarwa,so in future I should be recognized by my new name that is NARENDRA SARWA S/O KISHORI LAL SARWA, in all government, semi-government and other documents.

**Narendra Sarwa**
**house no. 151/34, Street No. 11, Near Church, Opposite Mohit Traders, Ward No. 43 Adarsh Nagar, Durg,C.G. 491001**



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक/484/क/भू.व्यय./अ.वि.अ./2024**
**बसना, दिनांकः 10 जुलाई 2024**

आवेदक शिवचरण पिता आनंद जाति अघरिया निवासी ग्राम छांदनपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छान्दनपुर स्थिति भूमि खसरा नंबर 386 रकबा 0.21 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय मे दिनांक 26/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बसना**


# मुख्य सचिव ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों की समीक्षा की

### सड़क पर मवेशी पाये जाने पर होगी मालिकों पर कार्यवाही

### ऊंची आवाज डीजे बजाने पर होगी जब्त

**दुर्ग।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक करना/आवारा मवेशियों पर नियंत्रण, वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जब्ती, अभियोजन एवं राजसात की प्रगति, केन्द्रीय एवं जिला जेलों के ओव्हर क्रॉउडिंग के निराकरण हेतु किए जा रहे अतिरिक्त एवं प्रस्तावित बैरक्स/जेल निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में, ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, प्रधानमंत्री किसान सम्मानि निधि में लाभार्थी कृषकों का सेचुरेशन, जिला स्तर पर जल जीवन मिशन योजनाओं की पूर्णता की प्रगति, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार प्रकरणों का निराकरण, भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेख दुरस्ती एवं संबंधित विभाग को संशोधित अभिलेख प्रति प्रदाय करना, राजस्व नक्शे में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान, भारत सरकार की मुंबई-नागपुर-झारझुगुड़ा गैस पाईपलाईन परियोजना अंतर्गत कतिपय हिंड्रासेंस हेतु प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में, मादक पदार्थ से संबंधित जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक करना एवं उक्त बैठकों में चर्चा/समीक्षा हेतु एजेण्डा और मौसमी बीमारियों यथा मलेरिया, डायरिया आदि से निपटने हेतु त्वरित एवं सघन उपाय के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि आठ मुख्य सड़क मार्ग को चिन्हांकित किया गया है, उन सड़कों पर मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है, उन्हें कांजी हाउस में रेडियम टेगिंग के साथ सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिये नगर निगम और पुलिस प्रशासन से सहयोग ली जा रही है। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर उनके मालिकों पर भी कार्यवाही की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊंची आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यावाही कर कोर्ट के आदेशों के अनुसार राजसात किया जाना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन पर्यावरण नियम के तहत डीजे वाली गाड़ियों की जांच आडियो मीटर के माध्यम से जांच किया जाए। जहां भी डीजे ऊंची आवाज में दिखे तुरंत कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को जेलों में बैरकों का निर्माण किया जाये। जो बैरक जर्जर हुये हैं, उनकी मरम्मत किया जाना सुनिश्चित करें। जेलों में साफ सुथरा रखा जाए।


## कार्यालय, सेनानी 14वीं वाहिनी (भा/र) छ.स.बल धनोरा, जिला-बालोद (छ0ग0)

क्रमांकः- 14वीं वाहिनी/भा.र./छ.स.बल/धनोरा/सा.अ./ 312-A /2024, दिनाँक- /07/2024

**-:: निविदा विज्ञप्ति ::-**

सेनानी 14वीं वाहिनी (भा/र) छसबल मुख्यालय धनोरा जिला बालोद (छ0ग0) में पीसीएण्डआर मद के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य के लिये सेनानी 14वीं वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्वति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) निर्माण कार्य बाबत् मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता का लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्र. | विवरण | अनुमानित राशि लाख में | सुरक्षा निधि |
|---|---|---|---|
| 01 | वाहिनी परिसर में 03 नग बोरवेल खनन मय सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य | 8,43,000/- | 25,290/- |

01. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 05.08.2024 को समय 17:00 बजे तक,
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 06.08.2024 को समय 15:00 बजे तक,
03. निविदा खोलने की तिथि - 06.08.2024 को समय 16:00 बजे,

**नोट** :-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राशि-1,000/-रू0 का चालान **"लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस रिसिप्ट"** के अंतर्गत सेनानी 14वीं वाहिनी (भा/र) छ.स.बल धनोरा, जिला-बालोद (छ0ग0) के नाम से स्वीकार्य होगा। निर्माण कार्य हेतु नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देय होगा।

G-242501219/2

**सेनानी**
14वीं वाहिनी (भा/र) छ.स.बल
धनोरा, जिला-बालोद (छ0ग0)



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक **15.07.2024**

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक **05.08.2024** तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 69 / 156221 | जिला बेमेतरा के साजा में न्यायिक अधिकारी /कर्मचारीयों के लिए 01 एफ टाईप आवासीय भवन का निर्माण कार्य | 35.52 |
| 70 / 156222 | जिला बेमेतरा के रौद्रा से मोतेसरा मार्ग लं. 1.15 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। | 69.53 |
| 71 / 156223 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवसीय भवनों में वार्षिक मरम्मत का कार्य | 79.55 |
| 72 / 156225 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में सुदृढीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य | 45.09 |
| 73 / 156226 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बोडला के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत का कार्य | 50.00 |
| 74 / 156228 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू. एवं विशेष मरम्मत का कार्य | 29.99 |
| 75 / 156229 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.96 |
| 76 / 156230 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.85 |
| 77 / 156231 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बोडला के अंतर्गत अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.99 |

**टीप**

1. एन.आई.टी.क्रं 69 से 70 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 71 से 77 लोक निर्माण विभाग ,कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

G-242501205/3

अधीक्षण अभियता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग

दैनिक समय दर्शन
web: - www.samaydarshan.org


## संक्षिप्त-खबर

### स्वामी आत्मानंद (कन्या) हिन्दी मीडियम स्कूल में किया वृक्षारोपण



**पाटन ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न में पूरे भारत देश मे एक पेड़ माँ के नाम से चलाएं जा रहे है अभियान में पाटन नगर के स्वामीआत्मानंद (कन्या) हिन्दी मीडियम स्कूल में पाटन नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले के विशेष उपस्थिति में वृक्षारोपण कर पेड़ लगाया गया इस अवसर पर योगेश निक्की भाले ने पेड़ लगाए जीवन बचाएं का संदेश देते हुए कहा हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाने के किये प्रेषित किया इस अवसर में साथ मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,सागर सोनी,आदित्य सावर्णी,संकुल समन्वयक श्री आर के सोनी,व्याख्याता आर एस लहरी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं पदमा लहरी प्रभा साहू रुक्मणी निर्मल व बड़ी संख्या में छात्राएं एवं ग्रीन कमांडो की छात्राएं भी उपस्थित थी।

### गुरु ही जीवन को भाव सागर से पार लगाती है - महंत सुकृत दास शास्त्री



**पाटन ( समय दर्शन )।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर आश्रम सेलूद में गुरु पूर्णिमा मनाया गया द्य गुरु शिष्य के पवित्र संस्कार को जागृत करने के लिए हर वर्ष इस पावन अवसर पर सात्विक चौका आरती रखकर महंत सुकृत दास शास्त्री जी साहित्य वेदांताचार्य के द्वारा अपने शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान करते है द्य शास्त्री जी के द्वारा आशीर्वचन के रूप में ज्ञान का मार्ग बताते हुए कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता की जग में सबसे पवित्र रिश्ता है जिसमे स्वार्थ नही है द्य सिर्फ और सिर्फ आशीर्वाद के अलावा एक दूसरे को किसी प्रकार का धन दौलत न देकर प्रेम, ज्ञान और संस्कार की अपेक्षा सदैव जीवनभर बनी रहती है द्य गुरु हमेशा अपने शिष्यों को गुणवान बनाने के लिए अपना जीवन समर्पण कर देते है द्य बिना गुरु ज्ञान के यह जीवन भवसागर से पार नही होता द्य इसलिए हर मनुष्य को जीवन मे गुरु जरूर बनाना चाहिए द्य गुरु पूर्णिमा के पुण्य दिवस पर खेमलाल साहू ने गुरुपूजा कर शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया द्य उक्त अवसर पर महंत पंचम साहेब जी, संत भूपत साहेब, महंत परमेश्वर साहेब ,हितु साहेब, हीरा साहेब, श्रीमति खेमिन साहू सरपंच सेलूद, खेमलाल साहू अध्यक्ष भाजपा मध्य मण्डल, वैद्यनाथ साहू, हितेश साहू, ललिता साहू, भुनेश्वरी साहू, राधा यादव, टिकेश्वरी साहू सहित अनेको शिष्यों की उपस्थिति रही।

### गायत्री मंदिर भंसूली में गुरु पूर्णिमा बनाई गई।



**रानीतराई ( समय दर्शन )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम भंसूली(के)गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर एक कुंडीय यज्ञ,मंत्र जाप,सत्संग का आयोजन कर माता गायत्री,गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा,वेद माता भगवती देवी शर्मा का स्मरण करते हुए गुरु महिमा का श्रवण पान किए। ज़िप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि माता पिता हमारे प्रथम गुरु है।हमारे जीवन दर्शन में गुरु की महिमा का सबसे बड़ा योगदान होता है।सही दिशा,ज्ञान से हमें मुक्ति प्राप्त होती है।हम सभी गुरुदेव को प्रणाम करके उनके बताए हुए सदमार्ग पर चलकर आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति करते है। इस अवसर पर अनिल कुमार साहू,शिव कुमार साहू,चंद्रकांत निर्मल,वासुदेव निर्मल,डा हेमंत साहू,डा ईश्वर साहू,महादेव गुरुजी,बिसौहा बढ़ई,भुवन साहू,गंगा साहू,रामचंद्र साहू,आलोक साहू,रूखमणी निर्मल,गुलाब तारक,गजरा साहू,कचरी साहू,रामाधीन यादव,राजू साहू,लक्ष्मण साहू,मुकेश साहू,गानू साहू,गोपाल साहू,देवेंद्र साहू,विनोद साहू,दुलारी साहू,उषा साहू, बाहरीन साहू,रामचरण साहू,पद्मा लहरी,सरिता वर्मा,नीता वर्मा,प्रभा साहू,परमेश्वरी साहू,पद्मा साहू सहित गायत्री परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# विधानसभा का घेराव करने मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के की बैठक संपन्न

- **प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहाल: वोरा**



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा 24 जुलाई को विधानसभा घेराव किया जा रहा है इसके संबंध में आज मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग की आवश्यक बैठक पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा एवं मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में श्री वोरा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार काबिज हुई है तब से प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है अपराधियों में भय नहीं है। प्रतिदिन जघन्य अपराध प्रदेश में हो रहे हैं और सरकार इसे नियंत्रण करने में नाकाम साबित हो रही है। कांग्रेस की सरकार के समय जो जनकल्याणकारी योजनाएं थी उन योजनाओं को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने बंद कर दिए जिसमें बिजली बिल हाफ योजना, गोधन न्याय योजना, गोबर खरीदी बंद कर दी गई है, वहीं किसान खाद के लिए भटक रहे हैं जो कि छत्तीसगढ़ की जनता के साथ कुठाराघात है। बैठक को एमआईसी मेंबर भोला महोबिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर ने संबोधित किया।

बैठक में श्री वोरा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री आर एन वर्मा का स्वागत किया। मध्य ब्लॉक की बैठक में निर्णय लिया गया की 24 तारीख को विधानसभा घेराव में ब्लॉक से अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक वार्ड से कार्यकर्ता जाएंगे।

बैठक में पार्षद सुश्री श्रद्धा सोनी,पूर्व पार्षद राजकुमार साहू,अशोक मेहरा,राजकुमार वर्मा,पूर्व एल्डरमैन जगमोहन ढीमर,मनीष यादव,सरिता ताम्रकार,बृजमोहन तिवारी,जितेंद्र तिवारी,नंदकिशोर शर्मा,अनूप पाटिल,पासी अली,बिंदु राजपूत,रामरतन जलतारे,निरुपमा जस्सल,मीना मानिकपुरी,दिनेश बेलचंदन,ममता गुप्ता,खुशबू साहू,उपस्थित थे।

# विकास कार्यों को लेकर विधायक गजेंद्र यादव ने समीक्षा बैठक

- **शहर में चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने दिए निर्देश**




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** राज्य शासन लोक निमार्ण विभाग द्वारा शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा जनता के मांग के अनुरूप स्वीकृत कार्य जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्ण करना है उन विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक लिए। विकास कार्यों के निर्माण संबंधी आने वाले विभिन्न प्रकार के बाधाओं एवं समस्याओं का निराकरण करने हेतु लोक निर्माण विभाग के सभागार में नगर पालिक निगम दुर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों एंव तकनीकी विशेषज्ञों के साथ संयुक्त रूप से बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त सभी विभाग के साथ ज्वाइंट टीम बनाकर विकास कार्यों को यथाशीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने तथा सड़क के नवनिर्माण के दौरान शहर की जनता को कम से कम परेशानी हो इसे देखते हुए शीघ्र ही कार्ययोजना बनाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत सभी कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करने निर्देश विधायक गजेन्द्र यादव ने दिए।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने दुर्ग शहर के विभिन्न सड़कों के चैड़ीकरण, नवनिर्माण एवं ओवरब्रिज बनाने के लिए राशि जारी की है, ताकि शहर की जनता को हैवी ट्रैफ्कि की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा सड़क निर्माण दौरान आने वाले कठिनाईयों को चिन्हित कर सीमांकन करने, सडक किनारे बिजली पोल, पाइपलाईन, पेयजल के साधन एवं पेड़ को शिफ्टिंग कार्य को जल्द ही पूरा करने निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सम्बंधित विभाग से तालमेल बनाकर निराकरण करने कहा। विधायक गजेंद्र यादव ने शहर में मांग के अनुरूप नये बिजली पोल, पुराने पोल बदलने और लाइन विस्तार कार्य को शीघ्र पूरा करने कहा। जनता की सहूलियत के लिए बनने वाले सड़क, भवन व अन्य निर्माण शीघ्र पूर्ण हो जिससे जनता को सरकार की ओर से मिलने वाले सौगात को समय पर समर्पित किया जा सके। बैठक में चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग का चैड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य, जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तक यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य, महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य, दुर्ग धमधा बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक दुर्ग तक फोरलेन मार्ग का निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में दुर्ग निगम के सभापति राजेश यादव, निर्माण संबंधित वार्ड के पार्षद अजय वर्मा, मनीष साहू, चमेली साहू, कुमारी बाई साहू, कांशीराम कोसरे, नरेश तेजवानी, शिवेन्द्र परिहार, गुलाब वर्मा, कमल देवांगन, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार पंचराम सलामे, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल अग्रवाल, अभिषेक मेश्राम, सब इंजीनियर, विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता रवि दानी एंव विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एएम/एनएस इंडिया द्वारा कोड़ेनार में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



- **नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर द्वारा ग्रामीण हुए लाभान्वित**

**किरंदुल ( समय दर्शन )।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी (ख्रुह्स) द्वारा शनिवार को किरंदुल - ग्राम पंचायत कोड़ेनार में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 85 मरीजों का प्राथमिक उपचार करने के साथ ही पैथोलॉजिकल जांच ,मलेरिया, शुगर एवं ब्लड शुगर लेवल जांच कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बचेली के डॉक्टर, एएम/एनएस प्रमुख डॉ. तेज प्रकाश, रोमा तेला म, शालू नाग, अंजू मरकाम एवं मितानिन कार्यकर्ता सहित कोड़ेनार के ग्रामीणों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पाइपलाइन क्षेत्रों , आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देना है। जिससे इन क्षेत्रों में निवासरत लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके, जिसके फ्लस्वरूप एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण किया जा सके।

# मानव मंगल साधना संस्थान बसना में गुरुपूर्णिमा मनाया गया



**बसना ( समय दर्शन )।** मानव मंगल साधना संस्थान बसना में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर साधना संस्थान के संस्थापक नारायण प्रसाद नैरोजी एवं अन्य सदस्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम गुरु के चरणों मे पुष्प अर्पित कर गुरु वंदना एवं आरती किया गया। संस्थान के विद्वानों ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को प्रेरित किया ।

संस्थान के संस्थापक नारायण नैरोजी ने उपस्थित सदस्यों व जन समुदाय को गुरु की महिमा के संबंध में विस्तृत बखान करते हुए बताया कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। गुरु बिनु भव निधि तरई न कोई'! ज्यों बिरंचि शंकर सम होई।

यह चरितार्थ है कि इस संसार में गुरु के बताये मार्ग, शिक्षा, संस्कार से पल्लवित होकर माली की उचित देखरेख में एक छोटे पौधे से वृक्ष बनने की भांती ,एक छोटा बालक गुरू के मार्गदर्शन में शिक्षा, संस्कार,एवं विस्तृत ज्ञान प्राप्त कर ज्ञान वान इंसान बनता है,वहीं जो व्यक्ति गुरू के ज्ञान से वंचित है वह शिक्षा, संस्कार, ज्ञान, आत्म ज्ञान, आध्यात्म, धर्म और अनुसंधान के बारे नहीं जान सकता । अत: मानव जीवन मे गुरू का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक नारायण प्रसाद नैरोजी ,रासबिहारी प्रधान, सीताराम प्रधान, त्रिलोचन प्रधान,जगदीश दास, अक्करू भोई, बालेश्वर प्रधान, रासबिहारी भोई, भगवान सेठ,लच्छीलाल भोई, गयाराम बुड़ेक, गिरजा नैरोजी,राजेन्द्र कुमार भोई , प्रोफेसर संध्या भोई, लक्ष्मी बड़ेक आदि अनेक लोग उपस्थित थे। यह जानकारी संस्थान के सदस्य व शिक्षक गजानन भोई ने दी।

# एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया का सेमिनार बसना मे आयोजित




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना मे एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया कृषि दवा निर्माण कम्पनी का एक दिवसीय सेमिनार बसना बस स्टैंड स्थित चिन्टू वीरे द रेस्टोरेंट मे सम्पन्न हुआ ।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक प्रतिनिधि शीत गुप्ता,पूर्व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आनंदविलास दास,अभय धृतलहरे, ऋषिकेशन दास, मनहरण सोनवानी, शंकर गोपाल लहरे उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों को एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया कम्पनी के अधिकारियों द्वारा शाल,अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने शानदार परफर्मेन्स के साथ सातवें वर्ष के पायदान पर कम्पनी के उत्पाद के स्तेमाल से किसानों को हो रहे फायदे पर विस्तृत चर्चा परिचर्चा के साथ

एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया ग्रुप को शुभकामनाएँ दिये।

पूर्व कृषि विस्तार अधिकारी आनंद विलास दास ने बताया कि, इसकी गुणवत्ता के चलते बाजार मे काफी मांग देखी जा रही है । एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया मूलत: भारतीय उत्पाद है ,जो देश के नामचीन व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों की वर्षों के अनुसंधान पश्चात नई तकनीक के साथ, देश की जलवायु , मिट्टी और परिवर्तनशील मौसम के मद्देनजर सभी फसलों की कारगर सुरक्षा, उर्वरा क्षमता,मिट्टी की सांद्रता बनाये रखते हुए, प्रतिरोधक क्षमता, फसलों के सभी प्रकार के रोगों पर प्रभावी व त्वरित असरकारी , उन्नत फसल उत्पादन को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

वहीं विधायक प्रतिनिधि शीत गुप्ता ने कहा कि,एक्सल क्रॉप केमिकल्स इंडिया के सभी (दवा)उत्पाद मार्केट मे सबसे अधिक असरकारक एवं फास्ट एक्शन के साथ परिणाम देने वाला किसानो और अन्नदाता भाईयों का सच्चा साथी साबित हो रहा है। सबसे बडी बात है,इन दवाओं का क्रेज मार्केट में सबसे बेहतर है और अन्य दवाओं के मुकाबले बेहतर सर्व सुलभ और सस्ती भी है।

क्षेत्रीय अधिकारी गिरीश निषाद ने बताया कि हमारी कम्पनी किसानों के हित व संवर्धन को ध्यान में रखकर सतत् अनुसंधान करते हुए फसल की उचित देखभाल और जरूरत के मुताबिक अच्छा से अच्छा फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है,ताकि किसान समृद्ध हो सके।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों को कार्यक्रम के अधिकारी गिरीश निषाद एवं कोआर्डिनेटर सुनील जैन बसना द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक उन्नत कृषि से जुड़े किसान एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं अभार प्रदर्शन क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर सुनील जैन बसना द्वारा किया गया।

# भगवती मानव कल्याण संस्थान ने साधना और सेवा के रूप में मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना मे सभी आध्यात्मिक संस्थान एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इ तारतम्य में भगवती मानव कल्याण संगठन ने जिले के दर्जनों स्थानों में किया 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन एवं अनुष्ठान ।

साधना और सेवा के रूप में जाना जाने वाला भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वधान में गुरूपूर्णिमा पावन पर्व पर 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बसना क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केन्द्रों क्रमश: देवरी,पिलवापाली, धामनघुटकुरी, बरपेलाडीह,बालसी, बोइरमाल, बागबाहरा,मल्दामाल, घोडारी,बल्दीडिह, मोहदा, सहित महासमुंद में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ।

ज्ञात हो कि भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा समाज को नशामुक्त,मांसाहारमुक्त, चरित्रवान, चेतनावान बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

भगवती मानव कल्याण संगठन, पंचज्योती शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा विश्व स्तर पर नशामुक्त समाज बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं।



परम पूज्य गुरुदेव, माता भगवती के अनन्य भक्त है एवं समाज को माता भगवती की साधना-आराधना से जोड़कर आध्यात्मिकता का मार्ग प्रसस्त कर रहे है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि, गुरूपूर्णिमा बहुत ही पावन पर्व है। इस पर्व को ज्ञान का पर्व भी कहते है। इस पुण्य दायी दिवस में हम सभी यह संकल्प लेते है कि, सतत समाज में व्याप्त नशा रूपी बुराई को मिटाकर लोगो के जीवन मे परिवर्तन लाने, उन्हें गुरुवर की महिमा बताने का सतत कार्य करते रहेंगे। इसके साथ ही लगातार संगठन द्वारा गांव-गांव में अभियान चलाकर लोगो को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया जा रहा है।

भगवती मानव कल्याण संगठन का केंद्रीय कार्यालय पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम ब्यौहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश में स्थित है, जहां श्री दुर्गा चालीसा पाठ मंदिर में 15 अप्रैल 1997 से अनवरत,अनंतकाल हेतु श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ संचालित हो रहा है। वहीं की प्रेरणा से यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक समय समय में संगठन द्वारा देश स्तर पर आयोजित किया जाता है।

इस दिव्य अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में माता के भक्त उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किये।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26